आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 17 अंक 4 • कटनी • शनिवार, 4 फरवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • माघ शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## लड़की से लड़का बना ट्रांसजेंडर प्रेग्नेंट, देश में पहला ऐसा केस

### 3 साल से साथ रह रहे हैं ट्रांस कपल जिया-जहाद



**नई दिल्ली एजेंसी।** केरल के कोझिकोड में एक ट्रांसजेंडर कपल माता-पिता बनने वाला है। दंपती ने ऐलान किया है कि वे अगले महीने मार्च में एक बच्चे को जन्म देंगे। देश में यह पहला ऐसा मामला है जब एक ट्रांस व्यक्ति एक बच्चे को जन्म देगा। पिछले तीन साल से साथ रह रहे जहाद और जिया पावल ने इस खुशखबरी को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। जिया पावल एक डांसर हैं। वह एक पुरुष के रूप में पैदा हुई और एक महिला में बदल गई। वहीं, जहाद एक महिला के रूप में पैदा हुआ और एक पुरुष में बदल गया। जहाद ने गर्भवती होने के लिए अपनी ट्राजिशनिंग प्रोसेस को बंद कर दिया है।

**जिया की इंस्टाग्राम पोस्ट पढ़िए...**

हम मां बनने के मेरे सपने और पिता बनने के मेरे पार्टनर के सपने को साकार करने वाले हैं। आठ महीने का भ्रूण अब जहाद के पेट में है। हालांकि, मैं जन्म से या अपने शरीर से एक महिला नहीं थी, लेकिन मेरे अंदर एक सपना था कि मुझे कोई मां कहे...हमें एक साथ आए तीन साल हो चुके हैं। मेरे मां बनने के सपने की तरह जहाद का पिता बनने का सपना है और आज आठ महीने की जिंदगी उसकी रजामंदी से उसके पेट है।

**जहाद ने सर्जरी को गर्भावस्था के लिए रोका**

जिया ने बताया- जब हमने साथ रहना शुरू किया, तो हमने सोचा कि हमारा जीवन अन्य ट्रांसजेंडरों से अलग होना चाहिए। ज्यादातर ट्रांसजेंडर कपल का समाज और उनका परिवार बहिष्कार कर देता है। हम एक बच्चा चाहते थे, ताकि इस दुनिया में हमारे दिन खत्म होने के बाद भी कोई हमारा अपना हो। जब हमने बच्चे का फैसला लिया, तब जहाद की ब्रेस्ट रिमूवल सर्जरी की प्रक्रिया चल रही थी, जिसे गर्भावस्था के लिए रोक दिया गया।

## 3 साल की बच्ची का गैंगरेप, हालत गंभीर; 2 आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली एजेंसी।** साउथ दिल्ली के फतेहपुरबेरी थाना क्षेत्र में 3 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों रामनिवास पानिका ( 27 ) और शक्तिमान सिंह ( 22 ) को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस में रहने वाले दोनों आरोपी उसे बहलाकर जंगल में ले गए और दुष्कर्म किया। बच्ची को ढ्ढ्रूस् में भर्ती किया गया है, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आरोपी मध्य प्रदेश के सीधी जिले के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, एक महिला 3 साल की बच्ची के साथ फतेहपुरबेरी थाने पहुंची। महिला ने बताया कि बेटी शुक्रवार सुबह से लापता थी। एक पड़ोसी ने बताया कि बच्ची को डेरा गांव के जंगल में देखा है। उसने जंगल की तरफ जाते हुए 2 लोगों को भी देखा है। महिला जब जंगल में पहुंची तो बेटी जंगल में रोती हुई मिली।

## देश-दुनिया में कोरोना का खतरा : अमेरिकी बच्चों की मौत का बड़ा कारण कोविड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में कोरोना की लहर का असर कम होने के बाद हालात बेहतर हो रहे हैं। शुक्रवार को चीन सरकार ने हांग कांग और मकाऊ से आने वाले लोगों के लिए कोरोना टेस्ट की अनिवार्यता खत्म कर दी। साथ ही यात्रियों की संख्या पर लगी पाबंदी भी हटा दी। अब सोमवार से लोगों के लिए आवाजाही आसान हो जाएगी। इधर, इंटरनेशनल मोनेटरी फंड (IMF) ने अनुमान लगाया है कि इस साल चीन की अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास में एक चौथाई योगदान देगी।

# राहुल गांधी का PM को पत्र कहा- कश्मीरी पंडितों को घाटी में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा



**नई दिल्ली एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो पन्नों की चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने इसमें कश्मीरी पंडितों की समस्याओं के बारे में बताया है। उन्होंने लिखा कि जम्मू-कश्मीर में टारगेट कीलिंग के बीच कश्मीरी पंडितों को घाटी में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। साथ ही उप-राज्यपाल ( मनोज सिन्हा ) जी द्वारा उनके लिए भिखारी जैसे शब्दों का प्रयोग गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने प्रधानमंत्री से कश्मीरी पंडितों की चिंताओं को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की।

### राहुल की प्रधानमंत्री मोदी को लिखी पूरी चिट्ठी पढ़ें...

**प्रिय प्रधानमंत्री जी,** आशा है आप सकुशल होंगे। इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान कश्मीर घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडित समुदाय की पीड़ा की ओर खींचना चाहता हूं। आतंकियों द्वारा हाल में कश्मीरी पंडितों व अन्य लोगों की लगातार की जा रही टारगेटेड हत्याओं ने घाटी में डर और निराशा का माहौल बना दिया है। प्रधानमंत्री जी, पूरे भारत को प्रेम और एकता के सूत्र में पिरोने के लिए जारी भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू पड़ाव में कश्मीरी पंडितों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं को लेकर मुझसे मिला। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार के अधिकारी उन्हें कश्मीर घाटी में वापस काम पर जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इन हालात में सुरक्षा और सलामती की पक्की गारंटी के बिना उन्हें घाटी में काम पर जाने के लिए मजबूर करना एक निर्दयी कदम है। हालात के सुधरने और सामान्य होने तक सरकार इन कश्मीरी पंडित कर्मचारियों से अन्य प्रशासकीय व जनसुविधा के कार्यों में सेवाएं ले सकती है। अपनी सुरक्षा और परिवार की चिंताओं को लेकर गुहार लगा रहे कश्मीरी पंडितों को आज जब सरकार से हमदर्दी और अपनेपन की उम्मीद है, तब उप-राज्यपाल ( मनोज सिन्हा ) जी द्वारा उनके लिए चभिखारीज जैसे शब्दों का प्रयोग गैर-जिम्मेदाराना है। प्रधानमंत्री जी, शायद आप स्थानीय प्रशासन की इस असंवेदनशील शैली से परिचित न हों। मैंने कश्मीरी पंडित भाइयों-बहनों को भरोसा दिया है कि उनकी चिंताओं व मांगों को आप तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। मुझे उम्मीद है कि यह सूचना मिलते ही आप इस बारे में उचित कदम उठाएंगे। माता खीर भवानी की कृपा आप पर बनी रहे। **धन्यवाद राहुल गांधी**

## शहडोल में एक और बीमार बालिका को 24 बार गर्म सलाखों से दागा

**शहडोल , यशभारत।** आदिवासी क्षेत्रों में अंधविश्वास के चलते बच्चों के साथ गर्म सलाखों से दागकर इलाज करने की कुप्रथा लगातार बढ़ रही है। जिले के सिंहपुर कठौतिया गांव में ढाई महीने की बच्ची को 51 बार गर्म सलाखों से दागने की मौत के बाद एक और मामला सामने आया है। कठौतिया से लगे गांव सामतपुर में एक और बच्ची को इलाज के नाम पर 24 बार गर्म सलाखों से दाग गया है। सिंहपुर कठौतिया गांव से तीन किमी दूर बसे सलामतपुर गांव में तीन महीने की बच्ची को दागने का मामला सामने आया है। हालत बिगड़ने पर मासूम को मेडिकल कालेज शहडोल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन मेडिकल कालेज से निजी अस्पताल ले गए हैं।जानकारी के अनुसार तीन माह की शुभी कोल को सांस लेने में समस्या है। मां सोनू कोल व पिता सूरज कोल किसी बिना डिग्री धारी डाक्टर से इलाज कराया लेकिन राहत नहीं मिली। बाद में मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। लगातार बीमार होने पर गांव की एक महिला ने गर्म सलाखों से स्वजनों की सहमति से दागा है। गांव में स्वास्थ्य सुविधा न मिलने से खैरहा में बिना डिग्रीधारी डाक्टर के पास ले गए थे। वहां पर हालत में सुधार नहीं आया तो बुढ़ार लेकर पहुंचे। यहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। बालिका को 24 बार गर्म सलाखों से दागने के निशान उसके शरीर में बने हैं।

**सलामतपुर का मामला, तीन दिन पहले सिंहपुर कठौतिया गांव में हुई है एक अन्य बच्ची की मौत, मेडिकल कालेज शहडोल में भर्ती**

## इंडिगो की गलती से पटना की जगह उदयपुर पहुंचा यात्री-महीनेभर में दूसरी घटना




**पटना एजेंसी।** इंडिगो एयरलाइंस ने दिल्ली से पटना जाने के लिए निकले पैसेंजर को उदयपुर पहुंचा दिया। यात्री की शिकायत के बाद एयरलाइंस को जब अपनी गलती का एहसास हुआ तो उसे वापस दूसरे दिन पटना के लिए रवाना किया गया। यात्री ने इसकी शिकायत डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ( DGCA ) से की है। DGCA ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इंडिगो ने एक महीने में दूसरी बार ऐसा किया है। इससे पहले एयरलाइंस ने 13 जनवरी को इंदौर जाने वाले यात्री को नागपुर पहुंचा दिया था। इधर, यात्री की शिकायत के बाद DGCA ने एयरलाइंस कंपनी से जवाब मांगा है। बोर्डिंग से पहले बोर्डिंग पास को नियमानुसार दो बिंदुओं पर चेक किया जाता है तो वह गलत फ्लाइट में कैसे चढ़ गया?

**30 जनवरी की घटना**

DGCA के अधिकारी ने बताया- यात्री का नाम अफसर हुसैन है। हुसैन ने इंडिगो की फ्लाइट 6E-214 में पटना के लिए टिकट बुक की थी। 30 जनवरी 2023 को हुसैन अपनी फ्लाइट के तय समय पर दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंच गए, लेकिन गलती से उन्हें फ्लाइट नंबर 6E-319 में बैठा दिया गया, जो उदयपुर जा रही थी। यात्री जब उदयपुर पहुंचा तो उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। इसके बाद उदयपुर एयरपोर्ट पर अफसर हुसैन ने अधिकारियों से इसकी शिकायत की। इसके बाद एयरलाइन उसी दिन यात्री को फ्लाइट से वापस दिल्ली लाई। दिल्ली में एक दिन स्टे करने के बाद 31 जनवरी को उसे फ्लाइट से पटना भेजा गया।

## पाकिस्तानी रुपया में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बड़ी गिरावट जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरावट जारी है और वह डॉलर के मुकाबले गिरकर 276.58 रुपये पर आ गया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ( एसबीपी ) के अनुसार शुक्रवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर का कारोबार 276.58 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को अमेरिकी डॉलर 271.36 रुपए पर बंद हुआ था। सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस पर स्थानीय मुद्रा में डॉलर के मुकाबले 5.22 रुपये या लगभग 1.89 प्रतिशत की गिरावट आई थी। एसबीपी के पूर्व गवर्नर रेजा बाकिर ने कहा कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, निर्यात में गिरावट और विदेश में रहने वाले पाकिस्तानियों की ओर से पैसे भेजने में कमी के साथ विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट रुपये के मूल्य को सीधे प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों के साथ-साथ वैश्विक मंदी बाजार में नकारात्मक भावनाओं और अनिश्चितता में योगदान दे रही है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय मुद्रा में गिरावट आई है।



## अदानी मामला: वित्त मंत्री ने निवेशकों को दिलाया भरोसा कहा- अच्छी स्थिति में है बैंकिंग सेक्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदानी मामले पर पहली बार बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेशकों को भरोसा दिलाने की कोशिश की है. उन्होंने कहा है कि बैंकिंग सेक्टर अच्छी स्थिति में है और वित्तीय बाज़ार नियमों के साथ काम कर रहे हैं। एक अंग्रेज़ी अख़बार और एक टेलीविज़न चैनल को दिए वित्त मंत्री के साक्षात्कार के हवाले से लिखा है, एसबीआई और एलआईसी ने विस्तार से बयान जारी किया है. इनके प्रमुखों ने खुद कहा है कि उन्होंने सीमा से ज़्यादा कर्ज नहीं दिया है. वो बहुत स्पष्ट थे कि उनका कर्ज़ सीमा के भीतर है. अदानी समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट से निवेशकों में डर का माहौल है. निवेशकों में घबराहट को लेकर सीतारमण ने कहा कि मार्केट का ऊपर चढ़ना जारी रखेगा. उन्होंने कहा, मार्केट पर बजट के तत्काल प्रभाव और अन्य कारणों से थोड़ा नीचे आया है. लेकिन, अगले कुछ दिनों में बजट के कारण बाज़ार ऊपर जाना जारी रखेगा. वहीं, अंग्रेज़ी अख़बार टाइम्स ऑफ़ इंडिया ने भी निर्मला सीतारमण के साक्षात्कार में कही गई बातों को प्रमुखता से जगह दी है. अख़बार के मुताबिक वित्त मंत्री ने कहा, भारत में स्थिर सरकार है और यहां वित्तीय बाज़ार नियमों के तहत काम कर रहे हैं. इसके कारण निवेशकों का भरोसा कायम रहेगा. हमारे नियामक आमतौर पर नियमों को लेकर बहुत सख़्त रहते हैं और एक घटना इस बात का फ़ैसला नहीं कर सकती कि वित्तीय बाज़ार किस तरह चलाया जा रहा है. दशकों में कई सीख ली गई हैं और हमारे नियामकों ने बाज़ार को अच्छी स्थिति में रखा है. अमेरिका की रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने 24 जनवरी को एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें दावा किया गया कि अदानी समूह के शेयर ओवरवैल्यूड हैं, साथ ही अनियमितताओं के कई आरोप समूह पर लगाए गए, जिसके बाद से ही अदानी समूह को लगातार बाज़ार में नुक़सान हो रहा है. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने अकेले अदानी समूह को 21,000 करोड़ रुपये का क़र्ज़ दिया है. इसमें से 20 करोड़ का क़र्ज़ बैंक की ओवरसीज़ ब्रांच से दिया गया है।



# मोदी लगातार तीसरे साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन 7वें और ब्रिटेन के PM ऋषि सुनक 16वें नंबर पर पहुंचे



**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता चुने गए हैं। अमेरिकी डेटा इंटेलिजेंस फर्म द मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रूवल रेटिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के PM ऋषि सुनक समेत दुनिया के 22 देशों के नेताओं को पीछे छोड़ दिया है।

**कोरोना की दूसरी लहर के दौरान गिरी लोकप्रियता-** द मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे के मुताबिक, भारत में कोरोना की दूसरी लहर (साल 2021) के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की डिसअप्रूवल रेटिंग (लोकप्रियता में गिरावट) पीक पर थी। तब कोरोना के कारण अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी ने देश को बुरी तरह से प्रभावित किया था। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस मुश्किल हालात से जल्द ही निजात पा लिया।

**मई 2020 में सबसे ज्यादा 84% पर थी अप्रूवल रेटिंग-** प्रधानमंत्री मोदी की अप्रूवल रेटिंग मई 2020 में सबसे ज्यादा 84त्न पर थी। तब भारत कोरोना महामारी से बाहर निकल रहा था। इसी साल जून में जारी हुई अप्रूवल रेटिंग की तुलना में इस बार प्रधानमंत्री मोदी की अप्रूवल रेटिंग बेहतर हुई है। जून में PM मोदी की अप्रूवल रेटिंग 66त्न थी। मोदी की डिसअप्रूवल रेटिंग में गिरावट भी आई है।

## मणिपुर में सुबह-सुबह भूकंप से डोली धरती रिक्टर स्केल पर 4.0 मापी गई तीव्रता

**मणिपुर, एजेंसी।** मणिपुर में आज सुबह 06~14 मिनट पर 4.0 तीव्रता का भूकंप आया. भू के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद ने इसकी जानकारी दी। भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र मणिपुर के उखरुल में था। National Center for Seismology के मुताबिक, आज सुबह आए भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। इससे फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली है।इससे पहले यूपी के शामली में शुकवार की देर रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 रही। इससे पहले भी 31 जनवरी को भी मणिपुर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस समय रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.5 मापी गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया था कि मणिपुर का कामजोंग इस भूकंप का केंद्र रहा। भूकंप के ये झटके सुबह 10 बजकर 19 मिनट पर महसूस किए गए थे और इसकी गहराई जमीन से 67 किलोमीटर नीचे थी।




## बिहार में NIA की बड़ी कार्रवाई- PFI के राज्य सचिव के घर छापा, इंटर के छात्र समेत हिरासत में तीन संदिग्ध

**मोतिहारी, ईएमएस।** बिहार के मोतिहारी जिले में एनआईए ने बड़ी कार्रवाई की है। देश विरोधी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए की तरफ से यह कार्रवाई पूर्वी चंपारण जिले के चकिया व मेहसी थानाक्षेत्र में की गई है। चकिया नगर परिषद क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ के राज्य सचिव रेयाज के घर पर भी छापेमारी की गई। हालांकि, वह घर नहीं मिला। वहीं, उसके गांव कुअवा से इंटर के छात्र दानिश को पकड़ा गया है। अबतक मिली जानकारी के अनुसार, जिले के मेहसी थानाक्षेत्र के इमाम पट्टी से अन्य दो संदिग्ध युवकों को भी पुलिस ने उठाया है। एनआईए और स्थानीय पुलिस की ओर से यह कार्रवाई की गई है। हिरासत में लिए गए संदिग्धों को अलग-अलग थानों में रखा गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल कोई भी अधिकारी मामले में कुछ बताने से परहेज कर रहा है। एनआईए ने किस मामले में कार्रवाई की है, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।







शुभांक -7-1-9

# 1265 करोड़ से होगा कटनी में रेल सुविधाओं का विकास

## ग्रेड सेपरेटर सहित कटनी-बीना, कटनी-बिलासपुर थर्ड लाइन, कटनी-सिंगरौली डबल लाइन को मिलेगी गति, मूलभूत यात्री सुविधाएं भी होंगी विकसित

### रेल बजट में कटनी को मिली बड़ी सौगात

**कटनी, यशभारत।** रेलवे के क्षेत्र में विकास के लिए बजट में इस बार कटनी को फिर से बड़ी राशि मिली है। यहां से पांचों दिशाओं को जाने वाली रेलवे लाइन में आधारभूत ढांचे के साथ ही रेल सुविधाओं में विकास के लिए बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। इससे रेल अधोसंरचना के साथ यात्रियों की सुविधाओं में बड़ा इजाफा होगा। रेल बजट में पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत नई रेल लाइनों के निर्माण के लिए 2014 करोड़, रेल लाइनों के दोहरीकरण व तिहरीकरण के लिए 1521.30 करोड़ के अलावा 114.71 करोड़ ट्रैफिक फेसीलिटिस, 18.74 करोड़ रोड सेफ्टी वर्क, 574.03 करोड़ रोड सेफ्टी वर्क (आरयूबी/आरओबी), 100 करोड़ रुपए ब्रिज वर्क, टनल वर्क 207.10 करोड़ सिगनल एंड टेलीकम्युनिकेशन, 106.07 करोड़ इलेक्ट्रिकल वर्क, 250.10 करोड़ कस्टमर एमेनिटीस 2878.25 करोड़ अन्य योजनाओं के लिए 1090 ट्रैक रिन्यूवल का प्रावधान किया गया है।




### विकसित होंगे शहर के तीनों स्टेशन

रेल बजट में मिली राशि से शहर के तीनों स्टेशन विकसित हो सकेंगे। पश्चिम मध्य रेलवे जोन जबलपुर के कटनी से गुरजने वाली कटनी-बिलासपुर लाइन पर कटनी ग्रेड सेपरेटर के साथ, कटनी-बीना लाइन, कटनी-बिलासपुर थर्ड लाइन, कटनी-सिंगरौली लाइन में लाइन दोहरीकरण के साथ ही दूसरे निर्माण कार्य के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। पश्चिम मध्य रेल को बजट 2023-24 में रिकार्ड 8874.70 करोड़ का आवंटन मिला है। जानकारी के अनुसार केन्द्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेल मंत्रालय से रेल बजट 2023-24 को लेकर वर्चुअल प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी जोनल रेलवे को स्टेट वाइज आवंटन खर्च एवं प्राप्तियों का विवरण दिया है। रेलमंत्री ने मध्य प्रदेश राज्य को बजट में 13607 करोड़ का आवंटन किया है। इसमें कटनी को 1265 करोड़ रुपए मिले हैं। इस बजट आवंटन से रेल की विभिन्न परियोजनाओं एवं अधोसंरचनात्मक कार्यों के साथ-साथ रेलवे के आधुनिकीकरण को गति मिलेगी।

### कटनी को ऐसे मिलेगा फायदा

रेल बजट में इस बार फिर पहले से चल रही कार्ययोजनाओं के लिए बजट जारी हुआ है। इसमें कटनी=सिंगरौली रेलखंड पर 261 किलोमीटर दोहरीकरण के लिए 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार बीना-कटनी लाइन में 279 किलोमीटर की तीसरी रेल लाइन के लिए 565 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। साथ ही कटनी ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट 21.5 किलोमीटर का काम चल रहा है। इसके लिए 300 करोड़ रुपए का बजट मिला है। इसके अलावा अन्य परियोजनाओं के लिए 101.30 करोड़ रुपए तय हुआ है। जिससे विकास को नए आयाम मिलेंगे। बजट में ट्रैफिक सुविधाओं के लिए 84.71 करोड़ मिले हैं, इसका लाभ भी कटनी को मिलेगा।

### इनका कहना है

अभी जोन के लिए बजट जारी हुआ है। इसके बाद यह डिपार्टमेंट राशि का आवंटन होगा। इसके बाद विभागीय कार्ययोजना बनेगीए जिससे निर्माण कार्य व यात्री सुविधाओं के विस्तार पर काम होगा। कटनी के तीनों स्टेशनों में विकास को नए आयाम मिलेंगे। बड़े प्रोजेक्ट को भी और गति मिलेगी।

**राहुल श्रीवास्तव,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पमरे

# जैन समाज के पंच कल्याण महोत्सव में रेलवे की सौगात

### पथरिया स्टेशन पर अस्थाई ठहराव लेंगी रेवांचल, कामायनी, क्षिप्रा व विंध्याचल एक्सप्रेस

**कटनी, यशभारत।** श्री विरागोदय तीर्थ महामहोत्सव कमेटी के द्वारा जैन समाज की आस्था के केन्द्र पथरिया में पंच कल्याण महोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में सम्मिलित बड़ी संख्या में लोग ट्रेनों से यहां पहुंचेंगे। जिसकों लेकर श्री विरागोदय तीर्थ महामहोत्सव कमेटी ने रेलवे से कटनी-बीना रेलखंड की पथरिया में बिना रूके चलने वाली कुछ ट्रेनों का महोत्सव के दौरान अस्थाई ठहराव देने की मांग की थी। कमेटी की इस मांग को रेलवे ने स्वीकार करते हुए रेलवे ने कटनी-बीना रेलखंड की चार जोड़ी यात्री गाड़ियों का पथरिया स्टेशन पर अस्थाई तौर से ठहराव देने का निर्णय लिया है। पंच कल्याण महोत्सव के दौरान 3 फरवरी से 10 फरवरी रेवांचल एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस, क्षिप्रा एक्सप्रेस व विंध्याचल एक्सप्रेस पथरिया स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव लेकर चलेंगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा रेवांचल एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 02:38/02:40 बजे आगमन व प्रस्थान और गाड़ी संख्या 12186 रीवा-रानी कमलापति रेवांचल एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 00:23/00:25 बजे आगमन व प्रस्थान रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11071 एलटीटी-बनारस कामायनी एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 08:13/08:15 बजे और गाड़ी संख्या 11072 बनारस:एलटीटी कामायनी एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 02:28/02:30 बजे आगमन व प्रस्थान रहेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 22911 इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 08:33/08:35 बजे और गाड़ी संख्या 22912 हावडा-इंदौर क्षिप्रा एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 14:38/14:40 बजे आगमन व प्रस्थान रहेगा। इसके अलावा गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 00:13/00:15 बजे और गाड़ी संख्या 11271 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर 01:38/01:40 बजे आगमन व प्रस्थान रहेगा।

# बलात्कार के आरोपी को आजीवन कारावास

### विशेष न्यायालय ने सुनाई सजा

**कटनी, यशभारत।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम ने बलात्कार के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 19 मई 2021 को 26 वर्षीय विवाहिता महिला घर से बाहर निस्तार के लिए गई हुई थी। उसी समय आरोपी 26 वर्षीय राजाबाबू उर्फ राजा साहनी निवासी ग्राम टैंगरारी थाना शिवायपट्टी जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल निवास राजस्थान फैक्ट्री चाका बायपास कुठला ने महिला को अकेली पाकर उसके साथ बलात्कार किया। जिसकी शिकायत महिला ने संबंधित थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट सहित धारा 376(1) के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना की और विवेचना के बाद मामला सुनवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने आरोपी राजाबाबू उर्फ राजा साहनी को धारा 376(1) के तहत दस वर्ष सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपए का अर्थदंड तथा एसीएसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 2 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। जुर्माने की राशि नहीं चुकाए जाने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में शासन की ओर से लोक अभियोजक जे.पी.चौधरी ने पैरवी की।

# पीएम किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों के लिए डाकघरों में लगेंगे विशेष शिविर




**कटनी, यशभारत।** पीएम किसान सम्मान निधी के हितग्राहियों के लिए डाकघरों में लगेंगे विशेष शिविर वरिष्ठ डाक अधीक्षक जबलपुर सम्भाग ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों के लिए डाकघरों में लगेंगे विशेष शिविर । डाक विभाग की बचत बैंक की योजनाओं के साथ भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि। योजना के अंतर्गत किसानों को प्राप्त होने वाली राशि को गाँव- गाँव एवं घर- घर भुगतान करने हेतु डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत ऐसे हितग्राही जिनके बैंक खाते नहीं है अथवा बैंक खातों में आधार कार्ड लिंक नहीं हैं वे सभी हितग्राही निकटतम डाकघर में संपर्क कर आधार कार्ड लिंक के साथ खाता खुलवा सकते हैं । इस बावत भू अभिलेख राजस्व विभाग के साथ डाक विभाग मिलकर विशेष शिविर का आयोजन कर रहे हैं । अतः सभी किसान सम्मान निधि योजना के पात्र हितग्राही उक्त योजना का लाभ उठा सकते हैं ।

# उमेश दास ने संभाला जीएम का कार्यभार

**कटनी, यशभारत।** शहर के सुरक्षा संस्थान आयुध निर्माणी कटनी यंत्र इंडिया लिमिटेड की इकाई के नए महाप्रबंधक उमेश दास ने 31 जनवरी से कार्यभार संभाला। इससे पहले वे आयुध निर्माणी अंबाझरी, नागपुर में अपर महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। निर्माणी में कार्य ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों, अनुभाग प्रमुखों और फेडरेशन, यूनियन एसोसिएशन, जेसीएम व कार्य समिति के प्रतिनिधियों की परिचय बैठक लेकर फैक्टरी की गतिविधियों की जानकारी हासिल की। बैठक में उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में उभरते रक्षा बाजार के मद्देनजर निर्माणी के उत्पादों की प्रोफाईल को बढ़ाया जाएगा। इस दौरान बीव्ही राव, अपर महाप्रबंधक सहित फैक्टरी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उमेश दास, 1989 बैच के भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आईओएफएस) के अधिकारी हैं। देश में स्थित कई आयुध निर्माणियों में विभिन्न प्रबंधकीय पदों पर काम करते हुए केमिकल प्लांट व मैकेनिकल मैंटेनेंस, प्लांट और मशीनरी, गुणवत्ता आश्वासन,उत्पादन, योजना, परचेस और प्राविजन तथा प्रशासन जैसे रक्षा उत्पादन के क्षेत्रों का लंबा विशद अनुभव है।



# गर्ल्स कालेज में महिलाओं के परिप्रेक्ष्य में दिव्यांगता कानून विषय पर व्याख्यान

**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में कल 3 फरवरी 2023 को महाविद्यालय के आईटी सेल में विश्व बैंक अकादमिक उत्कृष्टता गतिविधि एवं मुख्यमंत्री की घोषणा एवं उनकी मंशानुरूप व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .आर. के. गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। व्याख्यान महिलाओं के परिपेक्ष में दिव्यांगता कानून विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मनोज कहार, मोहित पहलवान (जिला अधिकारी साइट सेवा संस्थान कटनी) एवं संदीप रजक (दिशा दिव्यांग समिति के सचिव) एवं श्रीमती स्मिता गुप्ता ने दिव्यांग कानून एवं महिलाओं के दिव्यांगता कानून के विषय में छात्राओं को जानकारी प्रदान कर जागरूकता फैलाने का संदेश दिया । उक्त कार्यक्रम में रामेश्वर सिंह, फूलचंद कोरी, श्रीमती स्मिता यादव, श्रीमती पूनम गर्ग सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।



# विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर व्याख्यान




## छात्राओं को वेटलैंड डे के महत्व एवं उसके रीस्टोरेशन के बारे में दी गई जानकारी

**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में गत 2 फरवरी को एप्को के निर्देशन में इको क्लब के अंतर्गत प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर व्याख्यान तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान में डॉक्टर सपना राय शासकीय महाविद्यालय हर्रई ने वेटलैंड डे पर छात्राओं को वेटलैंड डे के महत्व एवं उसके रीस्टोरेशन के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉक्टर साधना जैन ने भी आर्द्रभूमि क्या होती है और इस दिवस को मनाए जाने के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। इको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने भी छात्राओं को वेटलैंड्स के संरक्षण तथा इनके प्रकारों पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें प्रिया तिवारी प्रथम खुशबू कुशवाहा, द्वितीय तथा अर्चिता प्यासी तृतीय रही । श्रीमती स्मृति दहायत के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में निदा, आरती वर्मा, मोनिका दुबे एवं रीना मिश्रा की उपस्थिति रही।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 8 शो ता. 25 से दोपहर 12.45, 1.15, 3.45, 4.15, 6.45, 7.15, 9.30 एवं रात्रि 10 बजे से

उसे अपने देश को ही धर्म मान लिया या देश की रक्षा को ही अपना धरम
कलाकार- शाहरूख खान, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम, आशुतोष राणा आदि।
पठान
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402
TICKET RATES
DIAMOND CLASS 300/- PLATINUM CLASS 250/-
GOLD CLASS 200/- SILVER CLASS 150/-

# जहां निर्धारित दर से महंगी बिक रही संपत्ति, वहां बढ़ेगी कलेक्टर गाइड लाइन

### मध्य प्रदेश में महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय ने सभी जिलों को संपत्ति की खरीदी-ब्रिकी का आंकलन करने के दिए निर्देश

**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश के जिन क्षेत्रों में आवासीयए व्यावसायिक भूखंड या भवन निर्धारित दर से महंगे बिक रहे हैंए वहां कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ाई जाएगी। इसके लिए महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय सभी जिला कार्यालयों के माध्यम से बीते एक साल में संपत्ति की खरीदी.ब्रिकी की जानकारी एकत्र करा रहा है। इसके आधार पर गाइड लाइन निर्धारित की जाएगी। साथ ही उन क्षेत्रों में दरें यथावत रखी जाएंगीए जहां बीते एक साल में जो रजिस्ट्रियां हुई हैंए वे कलेक्टर गाइड लाइन के बराबर या कम दर पर हुई हैं।

महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल एक लाख छह हजार स्थानों में से केवल नौ हजार स्थानों पर ही कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ाई गई थी। यह वृद्धि उन्हीं स्थानों पर की गई थीए जहां रजिस्ट्री निर्धारित दर से 20 प्रतिशत या उससे अधिक हुई थी। ऐसे क्षेत्रए जहां निवेश की संभावना अधिक है या व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार हो सकता हैए वहां भी कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ाई जाएगी। कृषि आधारित क्षेत्र में गैर कृषि प्रयोजन के विस्तार को भी दर निर्धारित करते समय ध्यान रखा जाएगा। जिन क्षेत्रों में संपत्ति की खरीदी.ब्रिकी न के बराबर हो रही हैए वहां दर कम भी की जा सकती है।

### जिलों के प्रस्तावों पर केंद्रीय मूल्यांकन समिति करेगी निर्णय

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिलों में बीते एक वर्ष में हुई रजिस्ट्री का अध्ययन करके प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। जिलों से प्रस्तावित दरों पर केंद्रीय मूल्यांकन समिति विचार कर अंतिम निर्णय लेगी। वहीं महानिरीक्षक पंजीयक एवं मुद्रांक एम सेलवेन्द्रन का कहना है कि गाइड लाइन का निर्धारण पिछले साल के अनुभव और भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए जिलों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सभी पहलूओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

### पिछले साल से अधिक मिला राजस्व

पंजीयन एवं मुद्रांक से सरकार को इस वर्ष अभी तक 14 प्रतिशत राजस्व अधिक मिला है। जनवरी तक सरकार को छह हजार 589 करोड़ रुपये का राजस्व मिल चुका है। जबकिए पिछले वर्ष इसी अवधि में पांच हजार 778 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था। हालांकिए लक्ष्य आठ हजार 160 करोड़ रुपये का है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 04 फरवरी 2023

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper



## 1035 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 15 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त



**कटनी, यशभारत।** कटनी में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के निर्देशन में शुक्रवार को आबकारी वृत्त बहोरीबंद में ग्राम गनियारी, रैपुरा, घुघरा, कैमोरीहार में श्रीमति ममता अहिरवार सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें आबकारी की टीम ए एवं बी द्वारा की गई कार्यवाही में कुल जप्ती 1035 किलोग्राम महुआ लाहन, एवं 15 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 54 हजार रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक केशव प्रसाद उईके, मोना दुबे, कृष्ण कुमार पटेल, शिवदत्त सिंह, आबकारी आरक्षक, कैलाश नाथ नामदेव, चंन्द्र प्रकाश त्रिपाठी सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल ने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही जिले मे लगातार जारी रहेगी।

# बेहतर नतीजे देने वाली हो विकास यात्रा - देवड़ा

## प्रभारी मंत्री ने की विकास यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

**कटनी, यशभारत। प्रदेश के वित्त, वाणिज्यकर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि संत रविदास जी की जयंती 5 फरवरी से जिले में विकास यात्रा का क्रम आरंभ होगा। संत रविदास को नमन कर विकास यात्रा शुरू की जाएगी। विकास यात्रा का उद्देश्य जन-कल्याण और सुराज के लक्ष्य को प्राप्त करना है। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के नवनिर्मित सभाकक्ष मे विकास यात्रा के तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान दिए।**



समीक्षा के दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा को प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभ पाने इससे वंचित रहे हितग्राहियों को लाभांवित किया जाए। हितग्राहियों को हित लाभ प्रदान करने के साथ उनसे संवाद के लिए गांव या ग्राम पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविर, हितग्राही सम्मेलन, भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम, भजन संध्या, चौपाल आयोजित होंगे। साथ ही विकास यात्रा के दौरान शासन की विकास गतिविधियों और जन कल्याणकारी कार्यों का लॉभ जनता को निश्चित समय-सीमा में बिना किसी परेशानी की मिले यह सुनिश्चित किया जाए। यात्रा में मिलने वाली जन समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। श्री देवड़ा ने विकास यात्रा के लिए तैयार किए गए रूट चार्ट की भी जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने निर्देशित किया कि विधायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विकास यात्रा में अवश्य बुलाना सुनिश्चित करें। जिले के उत्कृष्ट कार्यों के प्रचार तथा अन्य स्थानों पर उनके अनुकरण को प्रोत्साहित किया जाए। शिक्षण संस्थाओं, छात्रावास, आगनबाडी, विद्युत और पेयजल व्यवस्था, जल जीवन मिशन के रेस्टोरेंट के कार्यों का भी विकास यात्रा में निरीक्षण किया जाएगा। बैठक के पूर्व में जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से विकास यात्रा के रूट चार्ट का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित होंने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की जानकारी लघु फिल्म के माध्यम से प्रदान की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि शहडोल पद्मेश गौतम, सांसद प्रतिनिधि खजुराहो विकास द्विवेदी, सुनील उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, मृदुल द्विवेदी सहित नगर निगम के पार्षदों, आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र सिंह धाकरे व जिले विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही। प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कार्यालय कलेक्टर स्थित नव निर्मित सभाकक्ष का लोकापर्ण किया। 2.02 करोड की लागत से बने इस सभाकक्ष मे 200 व्यक्तियों के बैठनें की व्यवस्था है। तथा सभाकक्ष आधुनिक साज सज्जा से युक्त है।

### क्या कहा विधायकों ने

विधायक श्री संजय पाठक ने कहा कि विकास यात्रा का उद्धेश्य तभी पूर्ण होगा जब अंतिम पंक्ति के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो। यह सुनिश्चित करे कि ग्रामीणों की छोटी -छोटी समस्याओं का निराकरण विकास यात्रा के दौरान होनी चाहिए। बैठक के दौरान विधायक संदीप जायसवाल द्वारा विकास यात्रा का गांव-गांव प्रचार- प्रसार कराने तथा ऑनलाईन सेवाओं की जानकारी हेतु कम्प्यूटर एवं इंटरनेट की व्यवस्था करानें तथा स्थानीय स्तर पर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के सुझाव दिया। विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय ने भी बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा को उपयोगी और कारगर बनानें कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

## बच्चों को परीक्षा के लिए दिए कंपास



**कटनी, यशभारत।** फ्रेंड्स फोर्स फाउंडेशन के तत्वाधान में एम.फार सेवा, बालक छात्रावास, मझगंवा कटनी, श्रीकृष्ण नन्द स्वामी के सानिध्य में के.एल. कनकने, जिला मास्टर, थलेटिक्स संघ के सचिव आलोक जोसफ एवं अनिल नेमा द्वारा बच्चों को परीक्षा के लिये कम्पास दिए एवं बिस्कुट और चाकलेट भी प्रदान की। आलोक जोसफ ने बच्चों को खेल-कूद के लिए प्रशिक्षण देने की भी बात कही। भविष्य में बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर देश में नाम रोशन कर सके।





# कटनी जिले से चयनित 15 युवा इंटर्नशिप के लिए भोपाल रवाना

**कटनी, यशभारत।** मुख्यमन्त्री युवा इंटर्नशिप योजना के अन्तर्गत चयनित युवा इंटर्न शुक्रवार 3 फरवरी को कटनी से भोपाल के पुलिस ग्राउंड नेहरू नगर में आयोजित मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप बूट कैम्प कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। प्रत्येक विकासखंड से चयनित 15 युवा मुख्यमन्त्री के करकमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त करेंगे। जिला कटनी के जनसेवा मित्र अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल से चयनित हुए हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा चयनित युवा इंटर्न को शुभकामनाएं देते हुये शासन की मंशानुरूप संवाद करते हुये युवा इंटर्न को अवगत कराया कि योजना का उद्देश्य राज्य में युवाओं की क्षमता वर्धन करना और युवाओं के माध्यम से आमजन को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस योजना के अंतर्गत जन सेवा मित्र जनसमुदाय तक योजनाओं की जानकारी पहुचानें एवं हितग्राहियों को लाभ प्रदान करनें, पंचायतों को सशक्त बनाने में सहयोग करनें, सामुदायिक सर्वेक्षण, डेटा संग्रह आदि कार्य अपने कार्य क्षेत्र में निष्पादित करेंगे। जिले में चयनित युवा इंटर्न को भोपाल रवाना करने के अवसर पर कलेक्टर अवि प्रसाद पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कार्यालय सहायक सह डाटा एन्ट्री आपरेटरशरद कुमार पाण्डेय, दिनेश यादव सुपरवाईजर द्वारा हरी झंडी दिखाकर 02 बसों के माध्यम से युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कार्यक्रम के जिला नोडल रिसर्च एसोसिएट सुदीप सहाने के साथ भोपाल में 4 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए रवाना किया।

# कुष्ठ रोग के सामान्य लक्षणों के बारे में दी जानकारी



**कटनी, यशभारत।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अंतर्गत सेक्टर से सिलोनी के अंतर्गत ग्राम नेगई एवं सीताफाल मझगवां में कुछ पखवाड़ा मनाया गया। जिला कुष्ठ अधिकारी राजेश केवट के निर्देश अनुसार एवं बीएमओ डॉ बीके प्रसाद के मार्गदर्शन में सेक्टर सिलौंडि में रजनीश कुमार विश्वकर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा ग्राम नेगई एवं सीताफाल और मझगवां में भ्रमण कर लोगों को कुष्ठ रोग के सामान्य लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समाज में कुष्ठ रोग के प्रति व्याप्त भ्रांतियों एवं भय को दूर करने का प्रयास किया गया एवं स्कूल जाकर बच्चों का कुष्ठ रोग का परीक्षण किया गया और उन्हें भी उस ग्रुप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर अंगद तिवारी, सीएचओ सोनू खत्री, एनएम बबीता काछी, सीएचओ नाहिद खान, आशा सहयोगिनी, अर्चना बागरी एवं गांव की आशा उपस्थित रहीं।

## 15 दिन के अंदर ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय शुरू करें ट्रांसपोर्टर

**कटनी, यशभारत।** कटनी ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए मेयर इन काउंसिल द्वारा पूर्व में पंजीकृत ट्रांसपोर्टरों को 15 दिवस के अंदर व्यवसाय करने का निर्णय लिया गया था लेकिन अभी तक ट्रांसपोर्टरों द्वारा व्यवसाय प्रारंभ नहीं किया गया नगर पालिक निगम के प्राधिकार संपदा अधिकारी द्वारा समस्त ट्रांसपोर्टरों को व्यवसाई निर्माण करते हुए निर्धारित समय अवधि 15 दिवस के अंदर अपना व्यवसाय ट्रांसपोर्ट नगर में प्रारंभ करने की प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विपरीत स्थिति में अनुबंध की कंडिका का उल्लंघन मानते हुए भूखंड का आवंटन निरस्त किया जाएगा।

# छात्रावास के बच्चों को मिली खेल सामग्री



**कटनी, यशभारत।** छात्रावास मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में सम्मिलित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कटनी जिला कलेक्टर अवि प्रसाद लगातार छात्रावासों का भ्रमण करते हुए उनकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। अब तक उन्होंने कटनी जिले के 28 छात्रावासों में सवा दो करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत कर छात्रावासों का सुदृढ़ीकरण करने का प्रयास किया है। विगत 25 जनवरी को एक साथ 14 छात्रावासों में पुस्तकालयों की सौगात देकर एक नवाचार भी किया है। इसी कड़ी में विगत दिवस जब श्री प्रसाद नगर परिषद कैमोर की पनिहाई में सौंदर्यीकरण का जायजा लेने पहुंचे तो समीप स्थित अनुसूचित जाति, जनजाति बालक छात्रावास का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने छात्रावास के बच्चों से मुलाकात कर छात्रावास की भोजन व्यवस्था ,बच्चों के रहने ,पढ़ने, उनको मिल रही सुविधाओं के संबंध में बातचीत। इस दौरान छात्रावास के बच्चों द्वारा खेल सामग्री का अभाव होना बताया गया। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा तत्काल बच्चों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। निर्देशों के परिपालन में आज बच्चों को क्रिकेट किट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, योगा मेट, टेनिस बॉल , बास्केटबॉल, फ्लाइंग डिस्क सहित खिलौने एवं खेल सामग्री प्रदान की गई। इसी दौरान उनकी मुलाकात समीप के शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर कैमोर के 7 वर्षीय छात्र दुर्गेश चौधरी से हुई। उन्होंने छात्र को गले लगाकर स्नेह पूर्वक संवाद किया और छात्र दुर्गेश को भी उपहार स्वरूप बैडमिंटन का सेट प्रदान किया। खेल सामग्री मिलने पर छात्रावास के बच्चे काफी उत्साहित है और उन्होनें कलेक्टर अवि प्रसाद को खेल समग्री प्रदान किये जाने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया है।

### नाम सुधार सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं खुशी चेनानी आयु लगभग 28 साल धर्मपत्नी श्री प्रवीण चेनानी निवासी 429 बंगला लाइन, हेमू कालानी वार्ड, मुड़वारा, जिला कटनी म.प्र. की स्थाई निवासी हूं। विवाह के पूर्व मेरा नाम खुशबु सचदेव पुत्री श्री रामचन्द्र सचदेव निवासी 37, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, संतकंवर दास वार्ड, खुरई, सागर, म.प्र. था। मेरा विवाह प्रवीण चेनानी निवासी 429 बंगला लाइन, हेमू कालानी वार्ड, मुड़वारा, जिला कटनी (म.प्र.) वालों के साथ दिनांक 01.07.2018 में हो गया है, विवाहोपरांत मैं अपने पति के साथ स्थायी रूप से निवास कर रही हूं। मेरा नाम परिवर्तित होकर श्रीमति खुशी चेनानी धर्मपत्नी श्री प्रवीण चेनानी हो गया है। अतः मैं अपने भविष्य के समस्त दस्तावेजों में अपना नाम खुशी चेनानी धर्मपत्नी श्री प्रवीण चेनानी दर्ज कराना चाहती हूं तथा घोषणा करती हूं कि मुझे मेरे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**पुराना नाम- खुशबु सचदेव**
**नया नाम- खुशी चेनानी**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवीन अग्रवाल वल्द श्री कपूरचंद अग्रवाल, निवासी वार्ड क्र. 10, बरही, तहसील बरही, जिला कटनी का निवासी हूं। मेरे द्वारा दिनांक 06.02.2013 को दस्तावेज क्र. 9548 ग्रंथ नं. 8341 के माध्यम से निम्नानुसार भूमि क्रय की गई थी, जिसका खसरा नं. 209/2, 211/3, 212/2 रकवा 750 वर्गफुट है, जिसकी चौहद्दी उत्तर में- निजी उपयोग का कच्चा रास्ता, दक्षिण में- बरही विजयराघवगढ़ रोड, पश्चिम में-विक्रेतागणों की शेष जमीन, पूर्व में- विक्रेतागणों की शेष जमीन स्थित है, जो कि उपपंजीयक कार्यालय कटनी में दर्ज है। उक्त विक्रय पत्र कहीं रास्ते में गिर गया है, जो कि मूल विक्रय पत्र आज दिनांक को मेरे पास उपलब्ध नहीं है, बहुत खोजने के बाद भी प्राप्त नहीं हो सका है। मेरे द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा गैरतलाई से ऋण प्राप्त किया जा रहा है, उक्त प्राप्त किये जा रहे ऋण पर यदि किसी व्यक्ति, आम जनता, बैंक, संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना दिनांक से 03 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि के पश्चात आपत्ति अमान्य मानी जायेगी। कटनी दिनांक- 03.02.2023

**भवदीय-राकेश रावत (एडवोकेट) पता- जालपा वार्ड, कटनी**
**मो. 9300510124 वास्ते-नवीन अग्रवाल बल्द श्री कपूरचंद अग्रवाल वार्ड नं. 10, बरही, जिला- कटनी (म.प्र.)**

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह — M.B.B.S., M.S.,F.M.A.S (GEN. & Laparoscopy Surgeon) — कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता — M.B.B.S., M.S. (ORTHO) Bone & Fracture Specialist — फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलिटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है: CT Scan, M.R.I., एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, दूरबीन सर्जरी, डायलसिस
डॉ. रवि कुमार — M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) — कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ.मानसी गुप्ता — मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा — स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners


From 03rd February 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 03 to 09 Feb,2023

| Audi-01 | Show | Rate |
| --- | --- | --- |
| PATHAAN 2D HINDI | 1.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 4.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 7.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 10.00.00 PM | 150-180-200-300 |
| Audi-02 | Show | |
| PATHAAN 2D HINDI | 12.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 3.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 6.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 9.00.00 PM | 150-180-200-300 |
| Audi-03 | Show | |
| PATHAAN 2D HINDI | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 9.30.00 PM | 140-180-180 |

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830



## हिंडनबर्ग पर संग्राम

जब से अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई है आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्रों में तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मुद्दे की आंच अब देश की संसद तक जा पहुंची है। संसद से बाजार तक हलचल मची हुई है। विपक्ष अडाणी ग्रुप पर लग रहे आरोपों की जांच की मांग पर अड़ गया है। हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर कांग्रेस, TMC, AAP, SP, DMK, जनता दल और लेफ्ट समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने मीटिंग की। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चेंबर में हुई। इनमें से 9 पार्टियों ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। खड़गे ने कहा कि लोगों की मेहनत का पैसा बर्बाद हो रहा है। लोगों का विश्वास बैंक और LIC से उठ जाएगा। कुछ कंपनियों के शेयर लगातार गिरते जा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता 6 फरवरी को देशभर के जिलों में स्थित LIC और SBI कार्यालयों के सामने विरोध-प्रदर्शन करेंगे। विपक्षी नेताओं का कहना है कि शेयर बाजार का यह अमृतकाल का सबसे बड़ा महाघोटाला है। इस बीच अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 35प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एक शेयर की कीमत 1000 रुपए के करीब पहुंच गई है। रिपोर्ट आने से पहले एक शेयर का भाव 3500 रुपए के करीब था। इस तरह कंपनी का शेयर 9 दिन में 70प्रश गिरा गया है। अमेरिका के स्टॉक एक्सचेंज डाउ जोंस ने भी अडाणी एंटरप्राइजेज को सस्टेनबिलिटी इंडेक्स से बाहर कर दिया है। दरअसल, राजग सरकार के सत्ता में आने के बाद अडाणी समूह का साम्राज्य अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है। यह आम धारणा रही है कि राजाश्रय में ही अडाणी समूह फला-फूला है। विपक्ष के इस विरोध के मूल में आर्थिक अनुशासन कायम करने के बजाय मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करना प्राथमिकता नजर आता है। लगातार यह दलील दी जाती है कि अडाणी समूह की अप्रत्याशित सफलता के लिये सरकारी बैंकों से भारी ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिससे जनता का पैसा दांव पर लगा है। कुछ समाचार एजेंसियों का दावा है कि आरबीआई ने बैंकों से अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिये गये कर्ज का विवरण मांगा है। बहरहाल, हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के बाद समूह के शेयरों में भारी गिरावट का क्रम लगातार जारी है। इस संकट की घड़ी में अडाणी समूह ने निवेशकों का विश्वास हासिल करने के लिये बीस हजार करोड़ के एफपीओ को रद्द करके निवेशकों को पैसा लौटाने की बात कही है। स्वयं गौतम अडाणी ने एफपीओ रद्द करने की घोषणा एक वीडियो के जरिये की और निवेशकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनका भरोसा बनाये रखना उनकी प्राथमिकता है। निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिये एफपीओ रद्द किया गया है। बहरहाल, इसके बावजूद मुद्दे पर विवाद का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे कि जनता की मेहनत का पैसा दांव पर लगा है। उनकी दलील थी कि राजनीतिक संरक्षण में जनता का पैसा उद्योगपतियों के हितों में लगाने से लोगों का बैंकिंग व एलआईसी जैसी संस्थाओं से भरोसा उठ जाएगा। निस्संदेह, आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का भरोसा जगाने के लिये पारदर्शी आर्थिक व्यवस्था का होना अपरिहार्य है। दरअसल, देश के लोग सामाजिक सुरक्षा के मकसद से बैंकों व अन्य सरकारी वित्तीय संस्थाओं में पैसा लगाते हैं। जिसके लिये मजबूत नियामक ढांचे की जरूरत महसूस की जा रही है। दरअसल, इस विवाद के मूल में न्यूयार्क स्थित एक निवेशक अनुसंधान फर्म हिंडनबर्ग की वह रिपोर्ट है जिसमें दावा किया गया कि अडाणी समूह जो आर्थिक समृद्धि दर्शा रहा है उसके लिए अनैतिक व अनुचित तौर-तरीकों का प्रयोग किया गया है। हालांकि, अडानी समूह ऐसे किसी भी आरोप को खारिज करता रहा है और इसे भारतीय अर्थव्यवस्था पर बाहरी हमला बताता रहा है। लेकिन इसके बावजूद समूह को साख के अलावा अरबों का नुकसान हुआ है। दरअसल, रिपोर्ट में समूह के उच्च ऋण स्तरों पर सवाल उठाए गये और उस पर टैक्स हेवन में स्थित शेल कंपनियों का उपयोग करने का आरोप लगाया है। दरअसल, विगत में आर्थिक विश्लेषक एलआईसी और कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अडाणी समूह में निवेश करने को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

# राहुल की पदयात्रा से मजबूत होगी कांग्रेस

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 145 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा का श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा झंडा फहराने के साथ ही समापन हो गया है। 7 सितंबर को कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई भारत जोड़ो पदयात्रा 12 राज्यों व 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरी है। पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी करीबन 3970 किलोमीटर पैदल चले हैं। अब तक देश की राजनीति में एक असफल नेता के रूप में जाने जाने वाले राहुल गांधी अपनी इस पदयात्रा के बाद एक नए अवतार में परिपक्व राजनेता के रूप में नजर आने लगे हैं। पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी ने लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। यात्रा के दौरान राहुल गांधी का पूरा प्रयास था कि वह पूरी तरह वीआईपी कल्चर से दूर रहे। इस पदयात्रा में राहुल गांधी का एक अलग ही रूप देखने को मिला जो लोगों को आकर्षित व प्रभावित करने में सफल रहा है।

कभी देश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी मौजूदा दौर में बहुत कमजोर स्थिति से गुजर रही है। 2014 के बाद तो लोकसभा में कांग्रेस को विपक्ष के नेता के का पद भी नहीं मिल पाया है। देश के अधिकांश राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो चुकी है। लगातार चुनाव हारने के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी की छवि भी बहुत कमजोर हो गई थी। उन्हें जनाधार विहीन नेता के तौर पर माना जाने लगा था। राजनीतिक पर्यवेक्षक भी मानने लगे थे कि राहुल गांधी में चुनाव जिताने की क्षमता नहीं है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस शायद ही फिर से देश की बड़ी राजनीतिक पार्टी बन सके। इन्हीं सब आशंकाओं के मध्य राहुल गांधी ने कुछ ऐसे फैसले किए जिनसे उनकी छवि एक दृढ़ निश्चयी मजबूत नेता के रूप में उभरी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की करारी हार के बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उस समय सभी ने उनसे इस्तीफा वापस लेने के लिए बहुत दबाव भी डाला था। मगर वह अपने फैसले पर अटल रहे। अंततः सोनिया गांधी को कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष बनना पड़ा था। करीब तीन साल बाद कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव करवाए गए। इस दौरान भी कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने राहुल गांधी से कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने की अपील की थी। जिसे उन्होने सिरे से खारिज कर दिया था।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले ही राहुल गांधी ने पदयात्रा करने की घोषणा कर दी थी। जिसे राहुल गांधी ने पूरी कर दिखाया है। कन्याकुमारी से अपने भारत जोड़ो पदयात्रा की शुरुआत करने वाले राहुल गांधी बिना थके बिना रुके लगातार चलकर 4000 किलोमीटर की अपनी पदयात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर देश की जनता को यह संदेश दिया है कि उनमें नेतृत्व करने की क्षमता आज भी बरकरार है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर से मजबूत होकर उभरेगी। राहुल गांधी ने अपनी पदयात्रा के दौरान सभी विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रित कर विपक्ष को एकजुट करने का भी सार्थक प्रयास किया था। बहुत से विपक्षी दलों के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल भी हुए। जिससे देश की जनता को एक संदेश गया कि कांग्रेस के बिना विपक्ष की राजनीति हमेशा ही अधूरी रहेगी। जब तक कांग्रेस केंद्र में नहीं रहेगी तब तक विपक्षी एकजुटता नहीं हो पाएगी। कांग्रेस के बिना भाजपा को हराना संभव नहीं है। पूरे देश में आज भी कांग्रेस का जनाधार बरकरार है। हाल ही में कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा को करारी शिकस्त देकर अपनी सरकार बनाई है। जिससे साबित होता है कि कांग्रेस में आज भी भाजपा से दो-दो हाथ करने का दमखम बाकी है।

राहुल गांधी द्वारा अपनी पदयात्रा में विपक्षी नेताओं को आमंत्रित करना इस बात का द्योतक है कि राहुल गांधी बड़े मन से राजनीति करना चाहते हैं। उनका इरादा सभी विपक्षी दलों को साथ लेने का है। राहुल गांधी की पदयात्रा में डीएमके, वामपंथी दल, राष्ट्रीय जनता दल, महाराष्ट्र की उद्धव बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी जैसी बहुत सी विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने शामिल होकर विपक्षी एकता मजबूत करने की बात कही है। इस पदयात्रा में शामिल होने वाले विपक्षी दलों के सभी नेताओं ने राहुल गांधी की सराहना करते हुए उनके साथ मिलकर विपक्षी गठबंधन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। इससे लगता है कि आने वाले समय में कांग्रेस एक मजबूत गठबंधन बनाकर भाजपा को सत्ता से हटाने का प्रयास करेगी।

राहुल गांधी ने इस यात्रा के जरिए उन सभी सवालों को खारिज कर दिया है जो उन पर उठते रहे थे। पहले कहा जाता था कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद नहीं छोड़ेंगे उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़ा। फिर कहा गया कि वो खुद अध्यक्ष बन जाएंगे लेकिन वो नहीं बने। इसके बाद कहा गया कि अध्यक्ष के चुनाव को टाल दिया जाएगा लेकिन वो भी नहीं टाला गया। भारत जोड़ो यात्रा के जरिए राहुल गांधी ने एक मजबूत और गंभीर नेता की छवि बनाई है।

इस यात्रा के जरिये राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के सामने एक ताकतवर विकल्प के रूप में खड़े होने की कोशिश की है। अब लोग राहुल गांधी को गंभीरता से ले रहे हैं। इसके अलावा राहुल गांधी विपक्ष के नेताओं में भी आगे निकल गए हैं। अब तक ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, मायावती, अखिलेश यादव सभी राहुल गांधी की गंभीरता पर सवाल उठाते रहे थे। आज उन सभी को लगने लगा है कि उनके बिना विपक्ष की एकता मुमकिन नहीं है।

हर यात्रा का कोई राजनीतिक उद्देश्य होता है। राहुल की यात्रा भी इससे अछूती नहीं है। खासतौर से यह देखते हुए कि अगले साल लोकसभा चुनाव हैं। इस साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा ने देश में हलचल पैदा की है। जिन-जिन राज्यों से यह पद यात्रा गुजरी है वहां पार्टी और कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। एक तरह से कहा जा सकता है इस यात्रा से कांग्रेस पार्टी को नई जान मिली है।

भारत जोड़ो के नारे में राहुल गांधी कितने कामयाब हुए हैं इसका पता तो बाद में चलेगा। लेकिन इस दौरान राहुल गांधी जिस तरह लगातार प्रधानमंत्री को घेरते रहे उससे उन्हें फायदा हुआ है। सबसे पहले तो वो कांग्रेस के निर्विवादित नेता बन गए हैं। कांग्रेस में सभी ने राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है।

राहुल गांधी की पद यात्रा के नतीजे इसी साल से दिखने शुरू हो जाएगें। इस वर्ष राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम सहित नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सामने सरकार बचाने की चुनौती होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को स्थिति मजबूत करने की जरूरत है। यह तभी होगा जब कांग्रेस नौ राज्यों के विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करे। इन नौ राज्यों के नतीजों से ही राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी का भविष्य तय होगा।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

# महंगाई-बेरोजगारी पर भी गंभीरता जरूरी

वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होना है, बावजूद इसके, लोकलुभावन बजट पेश करने की जगह वित्तमंत्री ने समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए हरित विकास को सुनिश्चित करने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, आर्थिक मजबूती को बरकरार रखने, सरकारी सुविधाओं का लाभ आम जनता को मिलना सुनिश्चित करने, बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने और उपलब्ध संसाधनों के समुचित दोहन को सुनिश्चित करने की पहल बजट में की है।

बजट में बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए 10 लाख करोड़ का खर्च करने का प्रस्ताव किया गया है। इस क्रम में रेलवे के मद में 2.40 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। बैंकों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, इसलिए, बजट में बैंकों के कामकाज में सुधार के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव किया गया है। हालांकि, पहले से ही सरकार बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए समीचीन कदम उठा रही है।

कोरोना काल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर बहुत ज्यादा नकारात्मक प्रभाव पड़ा था, जिनके पुनर्वास के लिए सरकार कोरोना काल से ही प्रयास कर रही है और वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में एमएसएमई के लिये नई कर्ज गारंटी योजना शुरू करने की बात कही गई है। इसके तहत देश में मौजूद 84 हजार से अधिक स्टार्टअप्स के लिए 1 अप्रैल, 2023 से एमएसएमई को 2 लाख करोड़ रुपये तक ऋण रियायती ब्याज दर पर दिया जाएगा। बजट में कृषि क्षेत्र को ऋण देने के लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है और प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भी आवंटन 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। बजट में परंपरागत हस्तशिल्प कारीगरों के लिए 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान' योजना की घोषणा की गई है, जिसके लिए वित्तीय समर्थन दिया जायेगा। साथ ही, बैंक भी इसके आवेदकों को ऋण मुहैया करायेंगे। इसके अंतर्गत उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जायेगा और विपणन की गति में तेजी लाई जायेगी, ताकि उत्पादों की मांग बनी रहे। मछली पालन के लिए 6000 करोड़ रुपये की रियायती ऋण योजना शुरू की जायेगी, जिससे ग्रामीण और कस्बाई इलाके के युवा और बेरोजगार लाभान्वित होंगे। कृषि क्षेत्र और भी विकसित और मजबूत बनाने के लिए एक कोष बनाया जाएगा, क्योंकि कोरोना काल और उसके बाद कृषि क्षेत्र ने विकास की गति को बरकरार रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। बजट में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत 20 लाख करोड़ रुपये ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले साल के बजट में यह लक्ष्य 18.5 लाख करोड़ रुपये था। इसके अलावा, डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर योजना की मदद से किसानों को खाद, बीज, बाजार आदि की जानकारी मिल सकेगी, जबकि एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड के जरिये युवाओं को गांवों में स्टार्टअप शुरू करने में मदद मिलेगी।

अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र का दायरा बढ़ा है, क्योंकि, कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन की सदस्यता बढ़कर 27 करोड़ हो गई है, जो दोगुनी से भी अधिक है। यह संख्या बताती है कि हमारी अर्थव्यवस्था औपचारिक हो रही है अर्थात् अब कामगारों के कल्याण हेतु सरकार बेहतर तरीके से काम कर सकती है। समावेशी विकास का अर्थ होता है समाज के सभी तबके के विकास को सुनिश्चित किया जाये। इसलिए, जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएमपीबीटीजी विकास मिशन शुरू करने की घोषणा बजट में की गई है। इस योजना पर आगामी 3 सालों 15,000 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे।

अब 7 लाख तक की सालाना आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा। यह छूट पुरानी और नई दोनों आयकर पद्धतियों के लिए लागू होगी। नई आयकर पद्धति में सरचार्ज की सीमा को 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत किया गया है। साथ ही, इसके तहत 15 लाख रुपये वार्षिक आय वाले व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये कर देना होगा, जो पहले 1.87 लाख रुपये देना होता था। इसमें 50 हजार रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन का भी प्रावधान किया गया है। महिलाओं को 'महिला सम्मान बचत पत्र योजना', जो 2025 तक उपलब्ध रहेगी, के तहत 2 लाख रुपए की बचत पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज़ दिया जायेगा। बुजुर्गों के लिए मासिक आय योजना के तहत निवेश की सीमा 4.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 9 लाख रुपये की जाएगी। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में निवेश की सीमा को भी 15 लाख से बढ़ा कर 30 लाख कर दिया गया है।

बजट में 'हरित वृद्धि' में तेजी लाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कमी लाई जायेगी और इसके लिए 19,700 करोड़ रुपये के कोष से कार्यक्रम चलाया जाएगा। हरित वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये हरित ऋण देने की भी व्यवस्था की जायेगी। जोशीमठ जैसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ऐसे उपाय करने जरूरी हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को और भी मजबूत बनाने की जरूरत थी, क्योंकि कोरोना काल में हम जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था से रूबरू हो चुके हैं। कई लोग इसी वजह से कोरोना काल में असमय काल-कवलित हो चुके हैं। लिहाजा, बजट में सिर्फ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा को काफी नहीं कहा जा सकता है। साथ ही, रोजगार सृजन की मौजूदा गति, महंगाई की स्थिति, राजकोषीय घाटा, चालू खाते का घाटा, निर्यात की बदहाल स्थिति आदि के संदर्भ में और भी ज्यादा प्रभावशाली कदम उठाने की जरूरत थी।

**-सतीश सिंह**

# आपका राशिफल 05 फरवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

## फिल्म वर्ग पहेली- 6067



**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौंन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजवेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

**फिल्म वर्ग पहेली- 6066**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# सत्तू है फायदेमंद, करें सेवन बनेगी सेहत



सत्तू को सेहत के लिए वरदान माना जाता है। सत्तू का सेवन करना हर तरह से लाभकारी होता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सत्तू आपके बढ़े हुए वजन को भी कम करने में मदद कर सकता है। आजकल बढ़ते वजन की समस्या से हर दूसरा व्यक्ति परेशान है। ऐसे में सत्तू आपकी समस्या का समाधान बन सकता है।

सत्तू में फाइबर, प्रोटीन आदि पाया जाता है जो शरीर के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। पेट से जुड़ी समस्याओं के लिए भी सत्तू रामबाण इलाज है। आइए जान लेते हैं सत्तू किस तरह से वजन घटाने में मदद करता है।

## वजन कम करने में सहायक

सत्तू में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है जो लंबे समय तक पेट को भरा हुआ महसूस करवाता है। सत्तू खाने के बाद बार-बार भूख का एहसास नहीं होता और आप अतिरिक्त कैलोरी लेने से बच जाते हैं। अगर आप वजन कम करने की कोशिश में लगे हैं तो सत्तू आपके लिए बेहद फायदेमंद है।

## किस समय सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है सत्तू

सुबह के नाश्ते में सत्तू का सेवन सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है। शरीर को विषाक्त पदार्थों से मुक्त करने के लिए सत्तू को सबसे अच्छी डाइट मानी जाती है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ आपको भरपूर पोषण भी देगा और आपको जल्दी से भूख भी नहीं लगती है।

## किस तरह से करें सत्तू का सेवन

सत्तू का इस्तेमाल अक्सर रोटी या बिहार की मशहूर लिट्टी बनाने में किया जाता है लेकिन आप सत्तू का शरबत बनाकर भी पी सकते हैं। सत्तू का नमकीन शरबत बेहद स्वादिष्ट लगता है। इससे आपकी भूख भी शांत होगी और मुंह का स्वाद भी लाजवाब हो जाएगा। इसके अलावा सत्तू से आप तरह-तरह का पेय पदार्थ बना सकते हैं।

## इन लोगों को नहीं लेना चाहिए सत्तू

अधिक मात्रा में सत्तू का सेवन करना भी समस्या का कारण बन सकता है। ज्यादा सत्तू से गैस संबंधी समस्या हो सकती है इसलिए दिन में एक या दो बार ही सत्तू लेना चाहिए। क्योंकि सत्तू चने के आटे से बना होता है तो जिन लोगों को चने से एलर्जी है उन लोगों को सत्तू का सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को अक्सर गैस की समस्या होती है उन लोगों को भी सत्तू का सेवन कम करना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6590

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6589 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |




## विचार प्रवाह

पिताओं से: शादी के बाद लड़कों की बुद्धि बिगड़ जाती है। इसलिए भविष्य की सोचकर बुढ़ापे के लिए थोड़ा धन बचाकर रखिए। सारा धन बच्चों के सुपुर्द मत करो, वरना बुढ़ापे में पछताना पड़ेगा। यह सतयुगनहीं, कलयुग है। क्या तुमने सुना नहीं कि बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया। बेटा बुढ़ापें में सहारा बनेगा। आज के समय में ऐसी उम्मीद करना बेकार है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली -7619



**बाएँ से दाएँ**

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

**ऊपर से नीचे**

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2

**शब्द पहेली -7618 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# बीजेपी विधायक के भाई पर रेप का आरोप, 12वीं की छात्रा बोली- घर, होटल में गलत काम किया



छतरपुर एजेंसी। मध्यप्रदेश में 12वीं की एक नाबालिग छात्रा ने बीजेपी विधायक के भाई पर रेप के आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पिछले 10 महीने से उसका शोषण कर रहा था। शुक्रवार को लड़की अपनी मां के साथ एसपी ऑफिस पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। मामला छतरपुर के चंदला का है। लड़की ने चंदला से विधायक के भाई पर आरोप लगाया है। उसने बताया कि वह विधायक के गांव की रहने वाली है और उनके गांव के परिवार से जुड़ी है। लड़की के मुताबिक आरोपी रिश्ते में उसका भाई भी लगता है, लेकिन उसने अपने रसूख के दम पर डरा-धमकाकर और बहला-फुसला कर उसके साथ कई बार रेप किया। लड़की का ये भी आरोप है कि बीजेपी विधायक के सामने ये मामला आया, तो उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया। मेरी कोई मदद नहीं की। पीड़ित का आरोप है कि बीजेपी विधायक राजेश प्रजापति ने पुलिस से साठगांठ कर थाने में उसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखवाने दी। जिसके बाद अपनी मां के साथ एसपी ऑफिस पहुंची लड़की ने जिले के पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार लगाई है।

### पीड़ित मां के साथ भटकती रही, पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद

शुक्रवार को पीड़ित अपनी मां के साथ छतरपुर आई। इस मामले की शिकायत के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलना चाहा, लेकिन वो दफ्तर में नहीं थे। लड़की का आरोप है कि एसपी के नहीं होने पर किसी दूसरे अधिकारी ने उसका आवेदन तक नहीं लिया। लड़की का आरोप है कि लवकुशनगर थाना पुलिस पहले ही विधायक के दबाव में कुछ नहीं कर रही है। अब जिला मुख्यालय पर भी किसी ने उसकी फरियाद नहीं सुनी। लड़की की मां ने रोते हुए कहा कि उसे न्याय चाहिए।

### मुझे भाई और पिता से कोई मतलब नहीं

मामले पर विधायक का कहना है कि जो जैसा करे वैसा भरे। उन्होंने कहा कि मैं अपने भाइयों और पिता से अलग रहता हूं। मेरा अलग जीवन है, मुझे इस मामले में कोई लेना-देना नहीं है। यदि मेरे भाई ने कोई गलत काम किया है, तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि कई बार मेरे परिवार के कारण मेरी छवि खराब करने की कोशिश भी की जाती है।

### लवकुशनगर पुलिस ने ये कहा

लवकुशनगर टीआई हेमंत नायक ने कहा कि 31 जनवरी को महिलाओं के झगड़े का मामला सामने आया था। जिसमें दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। लड़की ने लवकुशनगर थाना पुलिस को रेप जैसे आरोप की बात नहीं कही थी। यदि लड़की थाने आती है, तो प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# ग्वालियर किला घूमने आई छात्रा को युवक ने लात-घूंसों से पीटा

ग्वालियर यशभारत। किले पर युवती के साथ मारपीट का VIDEO सामने आया है। VIDEO में एक युवक, युवती को लात, घूंसे और बाल पकड़कर बड़ी बेरहमी से मारपीट करता दिखाई दे रहा है। मारपीट के दौरान युवक और युवती 10 मिनट तक गाली - गलौज भी करते रहे। युवती से मारपीट कर रहे युवक को साथ आए अन्य युवक, युवती ने बीच बचाओ कर बड़ी मुश्किल से छुड़ाया। फिलहाल इस घटना को लेकर युवक या युवती की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। किले पर घूमने आए अन्य सैलानियों ने इस पूरी घटना का VIDEO बना लिया था।



### 10 मिनट तक हुआ विवाद



VIDEO में पहले युवक, युवती को लात घूंसों से पीटता दिखाई दे रहा है। इसके बाद युवक, युवती को लात मारकर जमीन पर पटक देता है, फिर बालों से पकड़कर खींचता है। युवती भी युवक के साथ हाथापाई कर लात घूंसे चलाना शुरू कर देती है। मौके पर मौजूद एक अन्य युवक, युवती ने मारपीट कर रहे युवक युवती को छुड़वाकर मामला शांत कराया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि करीब 10 मिनट तक दोनों युवक युवती में गाली - गलौज होती रही, इसके बाद मामला बिगड़ा तो दोनों एक - दूसरे पर टूट पड़े और फिर लात घूंसे बरसाने लगे। इस घटना का करीब 45 सेकेंड का एक VIDEO वायरल हो रहा है।

### थाने में नहीं आई शिकायत

इस घटना के दौरान किले पर मौजूद अन्य सैलानियों ने इस मारपीट का VIDEO बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मार पिटाई करने वाला युवक इंदरगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मण तलैया इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं, युवती उसकी दोस्त बताई जा रही है। दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ और उसके बाद यह विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। यह घटना 31 जनवरी दोपहर 2 बजे की बताई जा रही है। लेकिन युवक और युवती की तरफ से इस मामले में पुलिस में शिकायत थाने नहीं हुई है। इससे यह भी संभावना है कि युवक और युवती शायद आपस में दोस्त हैं।




# आपके परिवार की जिम्मेदारी अब हमारी - खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया

### अकादमी के आदित्य ने हाई जंप में जीता स्वर्ण और बुशरा ने 1500 मीटर में जीता रजत पदक

**भोपाल यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 में शुक्रवार से टीटी नगर स्टेडियम में एथलेटिक्स के शानदार मुकाबलों की शुरुआत हुई। मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने स्वर्णिम शुरूआत करते हुए आदित्य रघुवंशी ने हाई जंप इवेंट में 2.01 मीटर का जंप लगा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तमिलनाडु ने दूसरा स्थान और महाराष्ट्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अकादमी की ही बुशरा खान ने 4 मिनिट 44 सेकेंड में 1500 मीटर रेस में रजत पदक हासिल किया। खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने अकादमी के विजेता खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों से मुलाकात कर बधाई और शुभकामनाएँ दी। श्रीमती सिंधिया ने बुशरा खान की माता श्रीमती शहनाज से कहा कि आपकी बेटी बहुत मेहनती है आपकी 3 बेटियाँ हैं और सभी आपका नाम रौशन करेंगी। आज बुशरा ने रजत पदक जीता है इसकी क्षमता स्वर्ण पदक जीतने की है। उन्होंने बुशरा से कहा कि अपने गेम को इम्प्रूव करना है तो ओवर कॉन्फिडेंट न बनें। अपना कैरियर बनाना हो तो लक्ष्य पर मेहनत करनी होगी। इससे आपका और आपकी बहनों का कैरियर भी बनेगा। खेल मंत्री ने कहा कि तुम्हें अपने परिवार की चिंता करने की जरूरत नहीं अब ये हमारी जिम्मेदारी है। मंत्री श्रीमती सिंधिया ने आदित्य के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि आदित्य ने आज अकादमी और मध्यप्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि अब खेलों में नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है जिन्हें अपनाना अत्यंत आवश्यक है। आदित्य को अब इंटरनेशनल लेवल पर फोकस करना है। यूथ गेम्स एक शानदार प्लेटफॉर्म है जहाँ खिलाड़ी अपना बेस्ट दे सकते हैं। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में जो कुछ भी खेलों में अच्छे प्रदर्शन हो रहे हैं वो न सिर्फ खिलाड़ी और प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत बल्कि मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की दूरदर्शिता का नतीजा भी है। इससे मध्यप्रदेश आज स्पोटर्स हब के रूप में उभर कर आ रहा है।

# MP में बदला मौसम का मिजाज, दिन में चुभ रही धूप, रात में कड़ाके की ठंड, पचमढ़ी सबसे ठंडा

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश में मौसम में अचानक आए बदलाव के चलते दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, धूप भी चुभ रही है। ज्यादातर शहरों में पारा 28 डिग्री के पार पहुंच गया है। हालांकि, रात में कड़ाके की ठंड का असर बरकरार है। खासकर पचमढ़ी, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के 20 से ज्यादा शहरों में पारा 10 डिग्री के नीचे ही चल रहा है। पचमढ़ी सबसे ठंडा है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के गुजरने के बाद उत्तर से सीधी हवा आ रही है। वातावरण में नमी भी कम हो गई थी। बादल भी नहीं है। दोपहर में तेज हवा भी नहीं चल रही है। इसलिए आसमान बिल्कुल साफ रहा और धूप चुभ रही है। अगले दो दिन भी ऐसा ही तापमान रहेगा।



### दिन के तापमान में बढ़ोतरी

प्रदेश के दमोह, मंडला, राजगढ़ में पारा 30 डिग्री के पार चल रहा है। वहीं, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, गुना, इंदौर, सिवनी, सीधी, उमरिया में पारा 28 डिग्री से ज्यादा है। आसमान साफ रहने से चुभन वाली धूप है।

### रात में इन शहरों में तापमान में गिरावट

दिन में जहां धूप और गर्मी का असर है। वहीं, रात में ठंड का असर है। खासकर प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में दो रातें सबसे ठंडी रही। यहां पारा 2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। बैतूल, भोपाल, दतिया, धार, ग्वालियर, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, उमरिया, मलानखंड में तापमान 10 डिग्री से नीचे ही चल रहा है।

### नया सिस्टम एक्टिव

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbance) 15 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में 65 डिग्री देशांतर के सहारे मध्य क्षोभमंडल की पछुवा पवनों के बीच एक ट्रफ के रूप में समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर धुरी बनाते हुए सक्रिय है। साथ ही, प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण (Induced Cyclonic Circulation) दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक सक्रिय है। 2 फरवरी से अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभावी होने की संभावना बनी हुई है। हालांकि, इसका मध्यप्रदेश में असर नहीं रहेगा। यह दो फरवरी से एक्टिव हो गया।

# कांग्रेस विधायक और उनके भाई का 43 साल से आरक्षित 90 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा

**छतरपुर यशभारत।** छतरपुर से कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी और उनके बड़े भाई पूर्व राज्यसभा सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी द्वारा 90 हेक्टेयर (221 एकड़) आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। यह अतिक्रमण 43 साल से है। एक आरटीआई के जरिए छतरपुर जिले में शासकीय पट्टे और अतिक्रमित जमीनों का रिकॉर्ड सरकार से मांगा गया था। इसी में सूरजपुरा वन खंड की जमीन के बड़े हिस्से पर अतिक्रमण की जानकारी सामने आई। इसके बाद आलोक ने दिसंबर 2022 में विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से वन विभाग और राजस्व विभाग से वन भूमि और शासकीय भूमियों पर मय खसरा नंबर अतिक्रमणकर्ताओं की सूची मांगी। वन मंत्री विजय शाह ने 21 दिसंबर को इस अतारांकित सवाल का जवाब दिया। साथ में 650 से अधिक अतिक्रमणकर्ताओं की सूची दी, जिसमें 616 नंबर पर मोरबा मौजा (गांव) अतिक्रमणकर्ताओं की सूची में सत्यव्रत चतुर्वेदी पुत्र बाबूराम चतुर्वेदी, आलोक चतुर्वेदी, उनकी पत्नी ममता चतुर्वेदी, परिवार के सदस्य अंजना चतुर्वेदी और नितिन चतुर्वेदी के नाम भी शामिल हैं।



# पीएफआइ का फरार सदस्य गिरफ्तार कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**भोपाल यशभारत।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआइ) से जुड़े फरार आरोपित बासित ख़ान को गिरफ़्तार कर लिया है। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से विशेष न्यायाधीश रघुवीर प्रसाद पटेल ने उसे पांच दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया। ज्ञात हो कि प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ के सदस्यों के विरूद्ध थाना एसटीएफ में वर्ष 2022 में प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपित बासित खान वर्ष 2017 से प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा था तथा संगठन द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों एवं गोपनीय बैठकों में नियमित रूप से शामिल होता था। साथ ही वह संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के संपर्क में भी रहता था। वह वर्ष 2019 में लीगल विंग नेशनल कन्फेडरेशन आफ ह्यूमन राइटस आर्गेनाइजेशन में शामिल हुआ। वर्तमान में एनसीएचआरओ का प्रदेश महासचिव था। कोलार इलाके में रहने वाली एक महिला को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक लीलावती पत्नी गोविंद सिंह (45) ए-सेक्टर दामखेड़ा कालोर में रहती थी और गृहणी थी। उनके पति गोविंद सिंह नगर निगम में ड्राइवरी करते हैं।

# इन्दौर जिले में 5 फरवरी से विकास यात्राएं निकलेंगी

- प्रभारी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की
- मिलेगी विकास की सौगातें हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ
- शासकीय योजनाओं के लाभ लेने के लिए नागरिकों को किया जाएगा जागरूक
- जिला प्रशासन द्वारा किए जाएंगे अनेक नवाचार



**इन्दौर यशभारत।** राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार इन्दौर जिले में भी 5 फरवरी से विकास यात्राओं का सिलसिला प्रारंभ होगा। इन यात्राओं के सुव्यस्थित तथा सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गयी है। इन्दौर जिले के प्रभारी तथा गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज यहां आयोजित बैठक में विकास यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे कि यात्रा का उद्देश्य पूरा हो और अधिक से अधिक नागरिकों को इस यात्रा का लाभ मिल पाए। यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि पूर्ण समन्वय के साथ यात्रा को सफल बनाए। बताया गया कि यह यात्रा 25 फरवरी तक चलेगी। यह यात्रा सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ निकलेगी। यह यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में हर गांव तथा शहरी क्षेत्र में हर वार्ड और बस्ती में पहुंचेगी। बैठक में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव इन्दौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री आकाश विजयवर्गीय पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता श्री राजेश सोनकर तथा श्री मनोज पटेल इन्दौर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री मधु वर्मा श्री गौरव रणदिवे जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री भारत सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल डीसीपी श्री दिनेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने यात्रा की तैयारियों तथा यात्रा के दौरान किए जाने वाले नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ियों स्कूलों अस्पतालों आदि को जन सहयोग से सुदृढ़ और सुविधा संपन्न बनाने के लिए अनेक नवाचार करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में यात्रा के दौरान दिव्यांगों और अन्य जरूरतमंदों की समस्याओं के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत 10 हजार 650 भू स्वामी प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही गांवों में खसरा बी वन का वाचन कर फोती नामांतरण भी किया जाएगा। नए बीपीएल कार्ड किसान क्रेडिट कार्ड आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना तथा पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी होगा।

### हितग्राही संवाद के होंगे कार्यक्रम

बैठक में बताया गया कि यात्रा के दौरान निर्धारित गांवों में हितग्राही संवाद कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें जहां एक और स्वरोजगार मूलक योजनाओं के तहत चयनित लाभार्थियों को हितलाभ का वितरण होगा वहीं दूसरी ओर हितग्राही संवाद कार्यक्रम में ऐसे लाभान्वित हितग्राही जिन्होंने योजनाओं का लाभ लिया है वह बताएंगे कि उन्हें योजना का लाभ क्या मिला कैसे मिला और योजना से उनके जीवन में क्या बदलाव आया है। साथ ही महिला एवं बाल विकास द्वारा लाड़ली लक्ष्मी तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभ के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। नागरिकों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में शपथ दिलाई जाएगी। यात्रा के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक नृत्य और नुक्कड़ नाटक भी होंगे

### दीवारें बताएगी विकास की कहानी

बैठक में बताया गया कि यात्रा के दौरान नवाचार करते हुए दीवार पर विकास की इबारतें लिखी जाएगी। निर्धारित गांवों में चयनित इन दीवारों पर गांव में हुए उल्लेखनीय कार्य चित्र और लेखन के माध्यम से प्रदर्शित किए जाएंगे।

### करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का होगा लोकार्पण/शिलान्यास


बैठक में जानकारी दी गयी कि यात्रा जिन मार्गों से गुजरेगी उन क्षेत्रों के लिए विकास कार्यों की सौंगात भी मिलेगी। निर्धारित गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्र के लिए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया जाएगा।

# परिषद के कार्यों को सराहा कलेक्टर ने

## कैमोर–विजयराघवगढ़ के अनेक विकास कार्यों का निरीक्षण

यश भारत
खास खबर


कैमोर यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बीते रविवार को विजयराघवगढ़ एवं उद्योग नगरी कैमोर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के किये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इंजीनियर एवं अन्य अधिकारियों से चर्चा कर निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। कैमोर में जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर उन्होंने बीते 26 जनवरी को नगर परिषद द्वारा लगवाए गए 100 फुट ऊंचे स्तंभ पर फहराते विशाल राष्ट्र ध्वज एवं बच्चों के लिए शुरू गए ओपन जिम का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने कैमोर नगर परिषद द्वारा किये गए इन विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतोष केवट पूर्व उपाध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ पार्षद सुरेश परौहा ने कलेक्टर से भेंट कर उन्हें परिषद द्वारा प्रस्तावित अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी दी।



## गुणवत्ता सहित निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने दिए निर्देश

### पनिहाई शिव मंदिर में किये दर्शन, एस्टाप डेम का भी निरीक्षण

कलेक्टर अवि प्रसाद कैमोर की सुरम्य वादियों में स्थित पनिहाई धाम पहुंचे जहां उन्होंने प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किये। बाल ब्रम्हचारी ब्रम्हलीन केदार बाबा की समाधि और अन्य मंदिरों को भी देखा। पनिहाई धाम में लगभग 70 लाख की लागत से ग्रीन कारीडोर एवं सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे वहीं एसीसी ट्रस्ट सीएसआर की तरफ से स्टॉपडेम आदि का निर्माण किया जा रहा। कलेक्टर ने इन निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। बाद में वे एसीसी के डायरेक्टर बंगले पहुंचे जहां एसीसी प्रबंधन के अधिकारियों से चर्चा की।



कलेक्टर अवि प्रसाद कटनी से कन्हवारा-हरदुआ कला देवरा कला होते हुए कैमोर पहुंचे थे। रास्ते में उन्होंने हरदुआ ग्राम में रुककर जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे नल-जल योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। वाल में खराबी पाये जाने पर उसके सुधार के निर्देश दिए साथ ही घरों के बाहर किये गए नल कनेक्शन घरों के भीतर दिए जाने की बात कही। ग्रामीणों से अन्य समस्याओं पर चर्चा के उपरांत कलेक्टर श्री प्रसाद विजयराघवगढ़ के लिए रवाना हो गए। विजयराघवगढ़ पहुंचकर कलेक्टर ने सबसे पहले निर्माणाधीन बस स्टैंड का निरीक्षण किया। बन रहे भवन की गुणवत्ता की जांच की साथ ही बस स्टैंड में यात्रियों के लिए पेयजल की उपलब्धता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों से ली। मौके पर एसडीएम महेश मंडलोई सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एसीएमओ एवं जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। विजयराघवगढ़ में हर्रैया ग्राम निवासी एक युवक नीरज साहू ने कलेक्टर का वाहन रोक कर उनसे विजयराघवगढ़ के मुक्तिधाम के समीप की जा रही अवैध प्लाटिंग एवं अवैध पुलिया निर्माण की शिकायत की जिस पर कलेक्टर ने कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

### गुणवत्ता जांचने पानी की टंकी पर चढ़े कलेक्टर



विजयराघवगढ़ से कैमोर की ओर जाते समय कलेक्टर ने ग्राम देवरी मझगवां में नल-जल योजना के लिए तैयार की जा रही पानी टंकी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां टंकी की गुणवत्ता देखने कलेक्टर 40 फुट ऊंची टंकी पर चढ़ गए। उन्होंने टंकी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर नल-जल योजना प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।

### एक साथ मनेगी 64 योगिनी स्थापना और महाआरती की वर्षगांठ

# जालपा माई की विशाल चुनरी शोभायात्रा 6 जनवरी को




**कटनी, यशभारत।** श्री जालपा देवी मंदिर परिसर में 64 योगिनी की स्थापना की 10 वीं और महाआरती की 18 वी वर्षगांठ जालपा मन्दिर में एक साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर चुनरी यात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। श्री जालपा देवी मढ़िया के प्रधान पुजारी लालजी पंडा ने उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि 64 योगिनी स्थापना एवं महाआरती की वर्षगांठ पर 5 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से मातारानी का अभिषेक, हवन, पूजन आदि कार्यक्रम पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। 6 जनवरी सोमवार को विशाल चुनरी शोभायात्रा श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से कमानिया गेट से सायंकाल 5 बजे प्रारम्भ होगी जो सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक, जगन्नाथ चौक होते हुए श्री जालपा मन्दिर पहुंच कर समाप्त होगी। शोभायात्रा के पश्चात चुनरी मातारानी को अर्पित की जाएगी। तदुपरांत महाआरती का आयोजन होगा। अगले दिन 7 जनवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा एव प्रसाद वितरण होगा। प्रधान पुजारी लालजी पंडा ने नगर के धर्मप्रेमियों से जालपा मन्दिर में आयोजित समस्त कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।



### मठाधिपति शंकर भारती जी से कलेक्टर और एसपी ने की भेंट

**कटनी, यशभारत।** राज्य शासन के राजकीय अतिथि एवं यडतोरे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ मैसूर के मठाधिपति श्री श्री शंकर भारती महास्वामी से गुरुवार को दद्दा धाम में पहुंचकर कलेक्टर अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने भेंट किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने मठाधिपति महास्वामी जी को जिला प्रशासन की ओर से शाल-श्रीफल और कटनी सेंडस्टोन से निर्मित प्रतीक चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महठाधिपति श्री श्री शंकर भारती महास्वामी ने भी कलेक्टर श्री प्रसाद को प्रसाद स्वरूप शाल-श्रीफल प्रदान किया। इस मौके पर एसडीएम प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल, बालमुकुंद मिश्रा और दद्दा धाम के संचालक नीरज त्रिपाठी सहित प्रशासनिक अधिकारी तथा श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### बीड जिले में कटनी के फंसे श्रमिक लोकमान्य तिलक–भागलपुर एक्सप्रेस से आ रहे वापस

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की संवेदनशीलता एवं मानवीय पहल की बदौलत प्रतिकूल परिस्थिति में महाराष्ट्र में फंसे बहोरीबंद के ग्राम चांदन खेड़ा के 22श्रमिकों की घर वापसी संभव हो पा रही है। ये सभी मजदूर अधिक मजदूरी पाने की लालच में ठेकेदार के झांसे में आकर महाराष्ट्र के बीड़ जिले गये थे। जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही पर चांदन खेड़ा गांव के रहने वाले मजदूर गुरुवार की देर रात या शुक्रवार तक लोकमान्य तिलक–भागलपुर एक्सप्रेस से कटनी पहुंचेंगे। सभी श्रमिक मनमाड़ रेलवे स्टेशन से रेल में सवार हो चुके हैं। विदित हो की बहोरीबंद के ग्राम चांदन खेड़ा के 22 मजदूर महाराष्ट्र के बीड़ जिले के तहसील केकाणवाडी गांव से कटनी लौट रहे हैं। जिला प्रशासन को श्रमिकों के फंसे होने की सूचना के बाद से प्रशासन ने श्रमिकों को वापस लाने की कोशिशें तेज कीं और अब गुरुवार को देर रात या शुक्रवार को सभी लोग यहां पहुंच जायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आने वाले श्रमिकों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

### विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर व्याख्यान तथा क्विज






कटनी, यशभारत। शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में 2 फरवरी 2023 को एप्को के निर्देशन में इको क्लब के अंतर्गत प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर व्याख्यान तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व्याख्यान में डॉक्टर सपना राय शासकीय महाविद्यालय हर्रई ने वेटलैंड डे पर छात्राओं को वेटलैंड डे के महत्व एवं उसके रीस्टोरेशन के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉक्टर साधना जैन ने भी आर्द्रभूमि क्या होती है और इस दिवस को मनाए जाने के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की इको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने भी छात्राओं को वेटलैंड्स के संरक्षण तथा इनके प्रकारों पर प्रकाश डाला छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें प्रिया तिवारी ख्प्रथम ,खुशबू कुशवाहाख् द्वितीय, तथा अर्चिता प्यासी ख्तृतीय ,रही श्रीमती स्मृति दहायत के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया इस कार्यक्रम में निदा आरती वर्मा, डॉ मोनिका दुबे की उपस्थिति रही।



## विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने बदले गए 441 ट्रांसफार्मर

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा किसानों को विद्युत आपूर्ति की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के पात्र ट्रांसफार्मरों को वरीयता क्रम से बदलने के निर्देश प्रदान किए गए है। जनप्रतनिधियों एवं म.प्र.पूर्व.क्षेत्र. विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान भी अधिकारियों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के अनुपालन में बुधवार 2 फरवरी को 7 ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की गई। इस तरह 26 नवंबर से 02 फरवरी तक 69 दिनों मे अब तक कुल 441 पात्र ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं। अधीक्षण अभियंता (संचा - संधा) वृत्त कटनी मोहम्मद अयूब खान ने बताया कि बधुवार को (ग्राम कजरवारा 63, बक्ठा देवरा 100, धरवारा 25, भगनवारा 25, कछारगांव 25, पोंडी 100, जैतपुरी 25 केवीए ) कुल 7 ट्रांसफार्मरों को बदलने की कार्यवाही की गई। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसफार्मरों की उपलब्धतानुसार शेष पात्र ट्रांसफार्मरों को भी समयावधि में बदलने की कार्यवाही की जा रही है, जिले में यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### शिक्षिका प्रतिमा तिवारी को बनाया जिला रेडक्रॉस समिति का आजीवन सदस्य

# कलेक्टर ने पति की स्मृति में हाईस्कूल के लिए जमीन दान देने वाली शिक्षिका को किया सम्मानित

**कटनी, यशभारत।** बच्चों की शिक्षा के लिए अभिनव पहल करते हुए शिक्षिका प्रतिमा तिवारी ने बड़वारा विकासखंड के ग्राम बिलायत कला में अपने पति की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए हाई स्कूल भवन बनाने के लिए 30 लाख रूपए अनुमानित मूल्य की 37 हजार वर्ग फीट जमीन दान कर मिसाल कायम की है।

आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान करने के साक्षी कटनी मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम और जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत भी बने।

श्रीमती प्रतिमा तिवारी के द्वारा अपने पति के नाम पर जमीन दान करने की अनुकरणीय पहल के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रतिमा तिवारी को सम्मानित किया और उन्हें जिला रेडक्रॉस समिति का आजीवन सदस्य भी बनाया गया है।



कलेक्टर श्री प्रसाद को शुक्रवार को शिक्षिका प्रतिमा तिवारी ने आवेदन पत्र देकर हाई स्कूल विलायत कला का नाम उनके पति स्वर्गीय पंडित आजाद तिवारी के नाम पर करने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्कूल का नामकरण उनके पति के नाम पर करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि श्रीमती तिवारी द्वारा स्कूल के लिए जमीन दान देना बहुत ही स्तुत्व व पुण्य का कार्य है। श्रीमती प्रतिमा तिवारी ने बताया कि विलायत कला में वर्ष 2016 में माध्यमिक शाला का उन्नयन हुआ था उस समय वह वहां पर प्रभारी शिक्षक के पद पर थी। वर्ष 2017 में उनके पति की एक दुर्घटना में देहांत हो गया था। शाला भवन के लिए पर्याप्त शासकीय भूमि न होने पर बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए श्रीमती प्रतिमा तिवारी ने अपने पति स्व. पं. आजाद तिवारी की स्मृति में शाला भवन के निर्माण के लिए 37 हजार वर्ग फीट की जमीन शाला के नाम दान दी। जिसका बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपए हैं। वर्तमान में भूमि पर शाला भवन निर्मित है जहां पर बच्चे वहां शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### दिव्यांग अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की मिली प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी



**कटनी, यशभारत।** संसद में पारित दिव्यांग अधिनियम 2016 को पूरे प्रदेश में कड़ाई से लागू कराने, दिव्यांग जनों पर बढ़ रहे अत्याचार सहित उनका हो रहे शोषण और वास्तविक दिव्यांग व्यक्ति को उनको प्राप्त सन्वैधानिक मौलिक अधिकारों को दिलाना सुनिश्चित कराने की मूलमंशा से प्रदेश दिव्यांग बल के प्रांतीय निकाय द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार कटनी जिला के सक्रिय व वरिष्ठ विकलांग शिक्षक मार्तण्ड सिंह राजपूत को वर्तमान में विकलांग बल प्रदेश के सरंक्षक पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है। श्री राजपूत अब श्री राजपूत दिव्यांगों के क्षेत्र में प्रांतीय संयोजक के साथ-साथ संरक्षक पद का भी दायित्व सम्हालेंगे। अपनी नियुक्ति पर प्रदेश सरंक्षक ने कहा कि वे कटनी जिले के साथ साथ प्रदेश के समस्त जिलों व संभागों में विकलांग बल को मजबूती प्रदान करने हेतु कार्य करेंगे।

## सड़क, नाली व बाउंड्रीवाल निर्माण की योजना तैयार करने अधिकारियों को निर्देश



**कटनी, यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा वार्ड क्रमांक 3 लाल बहादुर शास्त्री की लोकप्रिय पार्षद सरला संतोष मिश्रा के साथ शंकरगढ़ बस्ती पहुंचकर आम नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी से शंकरगढ़ बस्ती के अंदर सीसी रोड नाली निर्माण की मांग रखी गई जिसे महापौर ने उपस्थित अधिकारियों को तत्काल कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए । महापौर श्रीमती सूरी द्वारा पहरुआ स्थित शासकीय विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बाउंड्री वाल निर्माण की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने मौके पर मौजूद उपयंत्री पवन श्रीवास्तव को निर्देशित किया। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट लहजे में कहा कि शहर विकास के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस दौरान एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव सहित स्थानीय देवतुल्य जनता जनार्दन की उपस्थिति रही।

## निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर कल

**कटनी, यशभारत।** कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर और निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन 5 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक महाकाल मेडिकल, पन्ना मोड कटनी में किया गया है। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक मिश्र, जनरल सर्जन डॉक्टर रितेश दुबे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शानू अग्रवालए हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुराग खरे एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शेफाली गुप्ता अपनी सेवाएं देंगी। जरूरतमंदों का मोतियाबिंद ऑपरेशन भी निशुल्क हर रविवार को जीजी नर्सिंग होम बरगंवा कटनी में किया जाएगा। कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष लोकेश टीनू सचदेवा, महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल, सचिव अखिलेश पुरवार, कोषाध्यक्ष अमित तीर्थानी, अंकेक्षक राज सोनी, सूचना प्रभारी अंकित बिलैया ने आम जनों से शिविर का लाभ उठाने अपील की है।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

### छोटी उम्र में गिल के बड़े कारनामे

# 23 साल के शुभमन जीत चुके हैं IPL और अंडर-19 वर्ल्ड कप तीनों फॉर्मेट में शतक




**मुंबई, ईएमएस।** शुभमन गिल इस समय भारतीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा चर्चित नाम हैं। फॉर्मेट कोई भी हो गिल का बल्ला जमकर बोल रहा है। वे अभी सिर्फ 23 साल के हैं और उनको फ्यूचर का विराट कोहली भी कहा जा रहा है। गिल पहली बार 2018 में चर्चा में आए थे। तब उनकी मौजूदगी वाली टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। इसके बाद 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाली टीम में भी वे शामिल थे। पिछले साल वे IPL चैंपियन भी बन गए।

## पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाकर छा गए

शुभमन गिल पंजाब से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। 18 साल की उम्र में उन्हें भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम में चुना गया। 2018 में पृथ्वी शॉ उस टीम के कप्तान थे। गिल ने पूरे टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने सेमीफाइनल में पाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ 102 रन की नॉटआउट पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी लाइनअप में शाहीन शाह अफरीदी भी शामिल थे। भारत ने इस मैच में 272 रन बनाए थे और पाकिस्तान को फिर 69 रन रन पर ही पैक कर दिया था।

## फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया

उस अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर खिताब जीता। गिल ने इस मैच में 31 रनों की पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर बैटिंग करते हुए शुभमन गिल ने पूरे टूर्नामेंट के 6 मैचों में 372 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 124 का रहा। इनमें 3 फिफ्टी और एक शतक आया। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी मिला।

## ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत

शुभमन गिल ने दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट से डेब्यू किया। इस मैच में उन्होंने 45 और 35 रन की पारियां खेलीं। टीम इंडिया ने मुकाबला जीत लिया। इसी सीरीज के आखिरी टेस्ट में ब्रिसबेन के द गाबा मैदान पर गिल ने 91 रन की पारी खेली। इस पारी ने भारत को टेस्ट जीतने में मदद की थी। यह वही सीरीज है जिसके पहले मैच में टीम इंडिया 36 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इसके बाद कप्तान विराट कोहली भी वापस भारत लौट आए थे। फिर गिल, सिराज, पंत जैसे युवा खिलाड़ियों के दम पर भारत ने सीरीज जीती थी। उस सीरीज के 3 मैचों में गिल 51.80 की औसत से 259 रन बनाए थे।

## पिछले दिसंबर में टेस्ट शतक भी जड़ा

करियर के शुरुआती दौर में शुभमन गिल पारियां तो अच्छी खेल रहे थे लेकिन, वे टेस्ट में शतक नहीं जड़ पा रहे थे। पिछले दिसंबर में उनके टेस्ट शतक का इंतजार भी खत्म हो गया। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 110 रन की पारी खेली।

## पिछले साल IPL खिताब भी जीता

शुभमन गिल ने 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ IPL डेब्यू किया था। 3 साल तक IPL खेलने के बाद भी वे अपनी टीम को खिताब नहीं दिला सके। लेकिन, 2022 में उन्होंने हार्दिक पंड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस से खेलते हुए पहला खिताब जीता। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी अभी तक IPL खिताब नहीं जीत पाए हैं। पूरे सीजन के 16 मैचों में गिल ने 132.33 की स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाए। फाइनल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उन्होंने 43 रन की नॉटआउट पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई थी।

## टी-20 में शतक से कई रिकॉर्ड तोड़े

शुभमन गिल ने एक फरवरी को टी-20 इंटरनेशनल शतक भी लगा दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने 126 रन की नॉटआउट पारी खेली। इस शतक के साथ वह तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाले पांचवें ही भारतीय बने। भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में यह सबसे बड़ा स्कोर भी है। उनसे पहले विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रन की नॉटआउट पारी खेली थी।

# अंडर-19 के बाद द. अफ्रीका में महिला टी20 वर्ल्ड कप

### ऑस्ट्रेलिया- भारत दावेदार, जानिए किन टीमों पर होगी नजर



**मुंबई, ईएमएस। महिला टी20 वर्ल्ड कप 10 फरवरी से होगा। पिछली बार ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, जहां 8 मार्च 2020 को फाइनल देखने रिकॉर्ड 86,174 दर्शक पहुंचे थे। इन दो टी20 वर्ल्ड कप के बीच आए बदलावों का असर इस बार देखने को मिल सकता है।**

## वर्ल्ड कप का मेजबान कौन है?

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका कर रहा है। द. अफ्रीका ने हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी, जिसे भारत ने जीता है। टूर्नामेंट के 23 मैच बोलैंड पार्क, सैंट जॉर्ज और न्यूलैंड ग्राउंड पर खेले जाएंगे। ग्रुप राउंड 10 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगा। 23 और 24 फरवरी को सेमीफाइनल खेले जाएंगे। 26 फरवरी को फाइनल होगा। टूर्नामेंट के वॉर्मअप मैच 6 फरवरी से होंगे।

## कितनी टीमें हिस्सा ले रही है?

वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, द. अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश हैं। इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, आयरलैंड ग्रुप बी में हैं। टीमें अपने ग्रुप की हर टीम से एक मैच खेलेंगी। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। द. अफ्रीका ने मेजबान होने के कारण डायरेक्ट क्वालिफाई किया। अन्य 7 टीमों का निर्धारण 30 नवंबर 2022 तक की रैंकिंग के आधार पर हुआ था।

## किस टीम का दावा मजबूत है?

डिफेंडिंग चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की दावेदारी मजबूत है। अगर टीम ये वर्ल्ड कप जीत लेती है तो वह एक साथ वनडे वर्ल्ड कप और टी20 वर्ल्ड कप की चैम्पियन बन जाएगी। टीम ने पिछले 17 टी20 में से 16 जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया कॉमनवेल्थ गेम्स की विजेता भी है।

## भारत की कितनी दावेदारी है?

2021 वनडे वर्ल्ड कप के अलावा भारत का पिछले कुछ आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन रहा है। भारत 2020 टी20 वर्ल्ड कप में रनरअप रहा था। साथ ही, भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर जीता था। वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता रिचा घोष और शेफाली वर्मा जुड़ेंगी। वहीं, इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर है कि कप्तान हीथर नाइट हिप इंजरी के बाद वापसी कर रही है। इससे उनकी वर्ल्ड कप दावेदारी को सकारात्मक मौका मिलेगा।

## किन खिलाड़ियों पर नजरें रहेंगी?

भारत की स्मृति मंधाना अहम साबित होंगी। वे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए सबसे ज्यादा 159 रन बनाने वाली बैटर थी। टूर्नामेंट में टॉप-10 रन बनाने वालों की सूची में स्मृति से बेहतर स्ट्राइक रेट (151) किसी का नहीं था। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 2020 टी20 वर्ल्ड कप और कॉमनवेल्थ गेम्स में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी थी।

# टेस्ट क्रिकेट में अभी वापसी नहीं करेंगे पंड्या

### कहा - इस समय मेरा फोकस वाइट बॉल क्रिकेट पर



**मुंबई, ईएमएस।** बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद भारत के स्टार ऑलराउंडर कप्तान हार्दिक पंड्या ने रेड बॉल क्रिकेट में नहीं आने के संकेत दिए। सीरीज के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बोला कि अभी वे वाइट बॉल क्रिकेट पर फोकस कर रहे हैं।2018 में आखिरी बार हार्दिक पंड्या टेस्ट खेले थे। इसके बाद उन्होंने सिर्फ वाइट बॉल क्रिकेट ही खेला है।

## पंड्या ने आखिरी मैच में चार विकेट लिए

तीसरे टी-20 में पंड्या ने चार अहम विकेट लेकर न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। भारतीय कप्तान ने चार विकेट हासिल किए और केवल 16 रन दिए, जिससे न्यूजीलैंड 12.1 ओवर में 66 रन पर ढेर हो गया।

## ऑस्ट्रेलिया से 4 टेस्ट खेलेगा भारत

टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। 9 फरवरी को नागपुर में पहले टेस्ट के बाद 17 फरवरी से दिल्ली में दूसरा टेस्ट होगा। 1 मार्च से धर्मशाला में तीसरा टेस्ट और 9 मार्च से अहमदाबाद में चौथा टेस्ट खेला जाएगा।

## पहले टेस्ट के लिए भारत की टीम


रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन (कीपर), केएस भरत (कीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनादकट।

# दिव्यांका ने लिया रॉयल इनफिल्ड मेटियोर 350 पर राइडिंग का मजा

**मुंबई, ईएमएस।** हाल ही में टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने रॉयल इनफिल्ड मेटियोर 350 बाइक खरीदी है। दिव्यांका ने अपनी नई बाइक की सवारी का आनंद लेते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है। इस बाइक की कीमत 2.01 लाख रुपये एक्स-शोरूम से शुरू होती है और 2.19 लाख रुपये एक्स-शोरूम तक जाती है। शेयर किए गए वीडियो में दिव्यांका त्रिपाठी प्रिंटेड ग्रीन शर्ट और ब्लैक पैंट में नजर आ रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने राइडिंग बूट हेलमेट और ब्लैक शेड्स लगाए हुए हैं। इस लुक में एक्ट्रेस बेहद जच रही है। दिव्यांका शहर की सड़कों पर बाइक की सवारी करती हुई दिखाई दे रही है। वीडियो शेयर करते हुए दिव्यांका ने लिखा- मैं पिछले कुछ दिनों से खुशी से झूम रही हूं और इसका कारण यह है कि मैंने खुद को यह नया बच्चा गिफ्ट किया है! बड़े सपने देखने और इसे हासिल करने जैसा रोमांचकारी कुछ भी नहीं है। ममाईन्यूबाइक मबाइकरगर्ल्स फैंस इस वीडियो को खूब लाइक कर रहे हैं। यह एनालॉग और डिजिटल मीटर दोनों का संयोजन है।



# 2 पार्ट्स में बनेगी दीपिका-प्रभास की प्रोजेक्ट के!



## मेकर्स बोले-अप्रैल में रिलीज हो सकता है फिल्म का पहला पार्ट

**मुंबई,एजेंसी।** बाहुबली स्टार प्रभास और दीपिका पादुकोण जल्द ही एक तेलुगू साइंस फिक्शन फिल्म प्रोजेक्ट के में नजर आने वाले हैं। फिल्म में इन दोनों के साथ अमिताभ बच्चन भी लीड रोल निभाएंगे। इस बीच मेकर्स का कहना है कि बाहुबली की तरह 'प्रोजेक्ट के' भी दो पार्ट्स में रिलीज होगी, जिसका पहला पार्ट अगले साल अप्रैल में आ सकता है। मेकर्स का कहना है कि पहले पार्ट के इन्ट्रोडक्शन की शूटिंग खत्म हो चुकी है और वो फिल्म के रिलीज को लेकर काफी उत्सुक हैं। पिंकविला की रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'प्रोजेक्ट के'बाहुबली की तरह दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। जहां पहला पार्ट सस्पेंस बनाएगा, तो दूसरा पार्ट कहानी का अहम हिस्सा होगा। मेकर्स के अनुसार ये एक बड़ी फिल्म साबित होने वाली है। बता दें कि ये फिल्म वैजयंती मूवी प्रोडक्शन के 50 साल पूरे होने के सेलिब्रेशन में बनाई जा रही है।

## फिल्म में दिखेगा प्रभास का कूल लुक


फिल्म के डायरेक्टर नाग अश्विन का कहना है कि फिल्म की पहली पार्ट की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि इस सीन में प्रभास कूल अवतार में नजर आएंगे। प्रभास के साथ दीपिका की पहली फिल्म है प्रोजेक्ट के सावित्री बायोपिक और फिल्म महानती जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके नाग अश्विन और प्रभास के बीच ये पहली कोलैबोरेशन फिल्म है। साथ ही इस फिल्म में दीपिका भी प्रभास के साथ पहली बार नजर आएंगी। बिग बी की बात करें तो प्रभास के साथ ये उनकी दूसरी फिल्म है। प्रभास ने बिग बी के साथ आदि पुरुष में भी काम किया है।

## दीपिका की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मचा रही धमाल

दीपिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में दीपिका कि पठान रिलीज हुई है, जो कि बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसके साथ उन्होंने ओम शांती ओम, तमाशा, पद्मावत, बाजीराव मस्तानी और चेन्नई एक्सप्रेस में काम किया है। वहीं प्रभास साउथ के जाने माने एक्टर हैं। उन्होंने बाहुबली, अधिपुरुष, रेबेल, मिर्ची, साहो और राधे श्याम जैसी फिल्मों में काम किया है।

# सूर्यगढ़ पैलेस ने कन्फर्म की सिद्धार्थ-कियारा की शादी

### शाहरुख खान के एक्स बॉडीगार्ड को सौंपा गया शादी की सिक्योरिटी का जिम्मा



**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी रिलेशनशिप की वजह से सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों 6 फरवरी को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शादी करने वाले हैं। हालांकि अब इस पैलेस ने भी कन्फर्म कर दिया है कि ये ग्रैंड वेडिंग 4 फरवरी से 6 फरवरी के बीच इसी पैलेस में होने वाली है। इसके साथ ही शाहरुख खान के एक्स बॉडीगार्ड को इस ग्रैंड वेडिंग की सिक्योरिटी का जिम्मा सौंपा गया है।

## सूर्यगढ़ पैलेस ने किया शादी को कन्फर्म

दरअसल फोटोग्राफर विरल भयानी ने गुरुवार (3 फरवरी) को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए लिखा था, %हम कियारा और सिद्धार्थ की शादी को कवर करने के लिए जैसलमेर जा रहे हैं। हम कल लैंड करेंगे और फिर जीप लेकर जैसलमेर जाएंगे। शादी के फंक्शन 4 फरवरी से 6 फरवरी तक चलेंगे। ये शादी सूर्यगढ़ पैलेस में होगी। सूर्यगढ़ पैलेस ने इस पोस्ट पर अपने ऑफिशियल अकाउंट से रिएक्ट करते हुए लिखा, %सी यू सून। जल्दी मिलते हैं।% अब सूर्यगढ़ पैलेस के इस रिएक्शन को देखने के बाद से ये साफ हो गया है कि सिद्धार्थ और कियारा इसी पैलेस में शादी करने वाले हैं।

## हर दिन का किराया 1 से 2 करोड़ रुपए है

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पैलेस में शादी करने के लिए हर दिन का किराया 1 से 2 करोड़ रुपए के करीब है। इसके साथ ही मेहमानों को लाने ले जाने के लिए मर्सिडीज-बेंज, जगुआर और क्रूरुङ्ग सहित लगभग 70 कारों की व्यवस्था की गई है। जैसलमेर में शादी के बाद मुंबई में दोनों का ग्रैंड वेडिंग रिसेप्शन होगा।

## SRK के एक्स-बॉडीगार्ड देखेंगे शादी की सिक्योरिटी

रिपोर्ट्स में आगे कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ और कियारा की शादी की सिक्योरिटी का जिम्मा शाहरुख खान के एक्स-बॉडीगार्ड यासीन युगल को दिया गया है। कहा जा रहा है कि 3 फरवरी को मुंबई से बॉडीगार्ड्स और सिक्योरिटी गार्ड्स की टीम जैसलमेर के लिए रवाना होगी। इस शादी में अमिताभ बच्चन से लेकर शाहरुख खान, करण जौहर, वरुण धवन, शाहिद कपूर-मीरा राजपूत और ईशा अंबानी समेत कई सेलेब्स को इनवाइट किया गया है। इस वजह से शादी से पहले ही सुरक्षा के सारे इंतजाम किए जा चुके हैं।

## सिद्धार्थ दिल्ली में शादी की तैयारियों को दे रहे हैं पर्सनल टच

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ अपनी शादी की सारी तैयारियों के फाइनल राउंड को संभाल रहे हैं। वो हर चीज को अपना पर्सनल टच देना चाहते हैं। इस वजह से वो दिल्ली पहुंच गए हैं। रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ अपनी शादी के लिए दिल्ली से अपने पेरेंट्स और क्लोज फैमिली मेंबर्स के साथ कुछ दिनों में राजस्थान पहुंचेंगे। हालांकि इसे लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं है।

# लोग मुझे रूपाली के बजाय अनुपमा कहते हैं

**मुंबई, ईएमएस।** लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा के बारे में बात करते हुए रुपाली गांगुली ने कहा राजन शाही आप एक जादूगर हैं इसके लिए आपकी सदा आभारी हूं और हम जो हैं उसे बनाने के लिए स्टार प्लस को धन्यवाद। हम जहां भी जाते हैं मुझे खुशी होती है कि लोग मुझे रूपाली के बजाय अनुपमा कहते हैं मुझे गर्व महसूस होता है। मैं अगले दिन काम पर वापस आने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं और मुझे आशा है कि यह उत्साह जारी रहेगा। हम चलते रहेंगे। उन्होंने कहा- मैंने 2016 में अपने पिता को खो दिया था लेकिन जब मैं सेट पर चलती हूं तो मुझे उनकी उपस्थिति महसूस होती है। यह मेरा घर है और मैं सेट पर कम से कम 12 घंटे बिताती हूं और मुझे हर दिन यहां रहना पसंद है। आप में से हर एक का धन्यवाद। अनुपमा स्टार प्लस पर एक भारतीय हिंदी भाषा की टीवी ड्रामा सीरीज है। निर्देशक कुट प्रोडक्शंस के बैनर तले राजन शाही और दीपा शाही द्वारा निर्मित है। यह शो स्टार प्लस पर टेलीकास्ट होता है।

# जान्हवी कपूर ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

### जिम में ट्रेनर के साथ जमकर बहाया पसीना, फैंस ने की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर आपने स्टाइलिश लुक्स के साथ-साथ फिटनेस से भी लोगों को काफी इंस्पायर करती हैं।अब हाल ही में जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर आपने एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इंटेंस वर्कआउट करती हुई दिखाई दें रही हैं। इस वीडियो में जान्हवी के साथ उनके ट्रेनर भी दिखाई दें रहे हैं। इस दौरान जान्हवी आपने जिमवियर आउटफिट में कमाल की लग रही हैं। एक्ट्रेस का ये वर्कआउट वीडियो फैंस को काफी पसंद आया। इस वीडियो पर फैंस जमकर लाइक्स और कमेंट कर रहे हैं।

## जान्हवी के अपकमिंग प्रोजेक्ट

जान्हवी ने शशांक खेतान की फिल्म धड़क से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में एक्टिंग करने के लिए श्रीदेवी ने उन्हें ट्रेनिंग दी थी। जान्हवी आखिरी बार फिल्म मिली में नजर आई थीं। ये फिल्म 4 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वहीं जान्हवी की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वो फिल्म %मिस्टर एंड मिसेज माही , बवाल , दोस्ताना 2 में लीड रोल निभाती नजर आएंगी।

# नॉर्मल डिलेवरी में सीजेरियन ऑपरेशन का खेल

## कटनी में 70 फीसदी महिलाओं की डिलेवरी में सीजर आपरेशन, बड़े मुनाफे के चक्कर में 7 माह के बाद ही लिखी जाती है पटकथा

*कटनी, यशभारत। मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार भले ही स्वास्थ्य सुविधाओं को अच्छा करने की दावा कर रही है हाल ही में फायर एनओसी को लेकर मध्य प्रदेश के प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम को टारगेट किया गया। क्या कार्रवाई हुई पता नहीं इधर बात गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलेवरी की करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्राइवेट नर्सिंग होम में सबसे ज्यादा गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन हो रहा है। सौ में से 70 मामलों में सीजर आपरेशन किया जाता है। कटनी में इसकी रूपरेखा सरकारी अस्पताल तहसीलों के स्वास्थ्य केन्द्रों से होकर प्राइवेट अस्पतालों तक पहुंचती है। गर्भवती महिलाओं को सातवें माह से ही इस कदर भयभीत करने का खेल होता है कि 9 वें माह पहुंचते पहुंचते गर्भवती या उसके परिजन सीजेरियन आपरेशन के लिए तैयार हो जाते हैं। एक सीजर आपरेशन में 40 से 50 हजार रूपए तक खर्च होता है और अगर मामला थोड़ा सीरियस है या फिर परिवार साधन संपन्न है तो खर्च एक लाख तक पहुंच जाता है।*




### ज्यादा पैसा कमाने के लिए गर्भवती महिलाओं का सीजर

सरकारी अधिकारियों का निष्कर्ष है कि प्राइवेट नर्सिंग होम के लोग ज्यादा पैसा कमाने के लिए गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन करते हैं जबकि इसकी जरूरत नहीं होती। सब इस तरह के अस्पताल और नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यदि उन्होंने एक भी ऑपरेशन गैरजरूरी किया तो अस्पताल या नर्सिंग होम सील कर दिया जाएगा। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सरकार का मिशन प्रदेश को चिकित्सा माफिया मुक्त बनाने का है। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों के माफिया पर सरकार अपनी नज़र रख रही है। बात अगर स्वास्थ्य के क्षेत्र की करें तो पहले तो सरकार ने खाद्य पदार्थों के मिलावट खोरों पर लगाम कसी। फिर ड्रग माफिया पर शिकंजा कसा। नकली कास्मेटिक के सप्लायर्स पर भी सरकार ने कानूनी कार्रवाई की और अब स्वास्थ्य विभाग की नज़र उन हेल्थ लुटेरों पर है जो मरीज़ों से लंबा-चौड़ा बिल वसूलने के लिए ज़रूरत ना होने पर भी उनका ऑपरेशन कर देते हैं। खास बात यह है कि इसको कोई सिद्ध नहीं कर सकता।

### प्रायवेट हॉस्पिटल्स की मॉनिटरिंग

कटनी की बात करें तो सबसे ज़्यादा शिकायत प्राइवेट हॉस्पिटल्स और नर्सिंग होम्स से मिल रही है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है। जब ऑपरेशनों के डाटा को चेक किया तो ये बात सामने आई कि प्राइवेट नर्सिंग होम्स में डिलीवरी के लिए सबसे ज़्यादा सिजेरियन ऑपरेशन किए जा रहे हैं। ये सिलसिला बरसों से चल रहा है।

### बिना ज़रूरत सिजेरियन

स्वास्थ्य विभाग की सर्वे रिपोर्ट में ये बात सामने आई कि एक साल में प्रायवेट हॉस्पिटल्स में 20 हजार से डिलिवरी हुई। इनमें से अधिकांश महिलाओं की डिलीवरी तुरत-फुरत सिजेरियन ऑपरेशन से कर दी गयी। जबकि उनकी नॉर्मल डिलिवरी भी हो सकती थी। प्रायवेट हॉस्पिटल्स में ऐसे 40.9 फीसदी सिजेरियन ऑपरेशन बिना ज़रूरत के किए गए जबकि सरकारी अस्पतालों में ये आंकड़ा 11.9 फीसदी रहा। प्राइवेट हॉस्पिटल्स एक नॉर्मल डिलिवरी के लिए 10 से 15 हज़ार रुपए ले रहे हैं लेकिन सिजेरियन डिलीवरी के लिए 25 से 40 हज़ार रुपए लगते हैं। ज़ाहिर है मोटा मुनाफा कमाने के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम्स मरीज़ों को लूट रहे हैं। अनलिमिटेड ऑपरेशन करने वालों की अब सरकार मॉनिटरिंग कर रही है। इसके लिए एनएचएम ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। निर्देश में कहा गया है की सिजेरियन डिलिवरी के लिए डॉक्टरों को जिला अस्पताल के सिविल सर्जन या सीएमएचओ से परमिशन लेना ज़रूरी होगा। इसके साथ ही अन्य बीमारियों के ऑपरेशन से पहले भी मामले की पूरी केस हिस्ट्री अस्पताल की हेल्थ लॉग बुक में दर्ज करानी होगी। सरकार की इस मॉनिटरिंग से सिजेरियन डिलीवरी पर रोक लगाई जा सकेगी। ऐसा करने का उद्देश्य मात्र यही है कि महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी को बढ़ावा दिया जा सके।

# जीएसटी की छापेमारी आज भी जारी

## 20 सदस्यीय टीम ने खंगाले फर्मों में कारोबार से संबंधित दस्तावेज



### कोयले की खरीद और बिक्री में कर चोरी की शिकायत के बाद कार्रवाई

**कटनी, यशभारत। जीएसटी की टीम ने शहर के प्रतिष्ठित कोयला कारोबारी अनुज जैन की महावीर कोल रिसोर्स धिरौल स्थित कोल वासुरी समेत पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। इस दौरान कारोबारी की सभी फर्मों के दस्तावेज खंगाले गए हैं। जीएसटी टीम की जांच आज शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि कोयला कारोबारी की फर्मों में कारोबार से कितनी राजस्व क्षति शासन को पहुंचाई गई है। हालांकि फर्म संचालकों का कहना है कि यह चैकिंग रूटीन जांच का हिस्सा है।**

दरअसल महावीर कोल रिसोर्स के खिलाफ कोयले की खरीद और बिक्री के दौरान कर चोरी की शिकायत मिली थी। जिसके बाद असिस्टेंट कमिश्नर एसजीएसटी प्रकाश सिंह बघेल के नेतृत्व में छापा मार कार्रवाई की गई है। अलग-अलग टीम पांचों ठिकानों पर दस्तवेजों की जांच कर रही है। एंटी इवेजन ब्यूरो के असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश सिंह बघेल ने बताया कि कार्रवाई महावीर कोल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के फर्म में हुई है। इनका कोयले का व्यापार है। इनकी सिंगरौली, बड़वारा और बुढ़ार में तीन कोल बांसुरी में संचालित है। तीनों कोल बांसुरी, कटनी स्थित ऑफिस और घर में एक साथ छापेमार कार्रवाई की गई है। अभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले जनवरी में जबलपुर के माढोंताल स्थित कटंगी बाईपास में जीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई की थी। यहां पीयूष ट्रेड मार्ट फर्म में जीएसटी टीम के अधिकारियों ने अचानक छापा मारा था। पीयूष ट्रेड मार्ट ने जीएसटी में 2 करोड़ रूपए जमा कराए हैं। सीमेंट, लोहा और प्लाईवुड से पीयूष ट्रेड मार्ट जुड़ा है। कुल 16 फर्म पर कार्रवाई चल रही थीं। जिसमें जबलपुर की 5 फर्म शामिल थी।

### दोपहर बाद कटनी पहुंची टीम

स्टेट जीएसटी की टीम शुक्रवार को दोपहर बाद दबिश के लिए कटनी पहुंची। टीम पुरैनी स्थित फर्म सहित सावरकर वार्ड नई बस्ती स्थित मित्तल रेसीडेंसी में निवास पर जांच के लिए पहुंची। दोपहर से लेकर देर शात तक टीम मामले की जांच करती रही। इस दौरान कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेजों को देखा। किस तरह से फर्म के द्वारा गड़बड़ी की गई है। इसकी अधिकारियों ने बारीकी से जांच की। कारोबार से जुड़े अहम दस्तावेज जप्त करते हुए मामले को जांच में लिया है।

# परीक्षा के समय अतिशेष की कार्रवाई से हड़कंप, शिक्षक संगठन ने जताया विरोध

## कार्रवाई से शिक्षा व्यवस्था होगी प्रभावित: आरोप

**कटनी, यशभारत।** मप्र के शिक्षा विभाग ने स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के लिए अतिशेष की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाई का विरोध भी शुरू हो गया है। लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त की ओर से अचानक अतिशेष की कार्रवाई शुरू किए जाने से शिक्षकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। अभी तक शिक्षा विभाग की स्थापना का फॉर्मेट शत-प्रतिशत अपडेट नहीं हुआ है, शिक्षकों की सेवा-पुस्तिकाएं अपडेट नहीं हैं। एजुकेशन पोर्टल की स्थिति यह है कि ऐसे स्कूल जहां पर एक भी शिक्षक नहीं है, वहां एक भी पद भरे दिखा रहा है और जहां पर पर्याप्त शिक्षक हैं, वहां अभी भी रिक्त पद दिख रहे हैं। शासकीय शिक्षक संगठन का आरोप है कि उन्होंने पूर्व में भी अपने पत्र में विभाग से अनुरोध किया था, कि अतिशेष शिक्षकों की गणना करते समय संस्था में वरिष्ठ के स्थान पर कनिष्ठ को अतिशेष माना जाए, क्योंकि किसी विद्यालय में यदि छात्र संख्या के मान से पूर्व से शिक्षक पदस्थ है, तो पोर्टल अपडेट नहीं होने के कारण या किसी राजनीतिक या अन्य दबाव वश



किसी शिक्षक को संस्था में कार्यभार ग्रहण कराया जाता है। तो अतिशेष बाद में आने वाले शिक्षक को होना चाहिए न कि पूर्व से नियमानुसार पदस्थ शिक्षक को। लेकिन विभाग की ओर से इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। संगठन ने शिक्षा मंत्री, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा और आयुक्त लोक शिक्षण को पत्र लिखकर मांग की है कि परीक्षाओं के समय और पोर्टल अपडेट नहीं होने के मद्देनजर अतिशेष की कार्रवाई को परीक्षाओं के बाद तक के लिए तत्काल स्थगित किया जाए। कार्रवाई तब ही की जाए जब स्कूल शिक्षा विभाग यह तय कर ले कि स्थापना के मामले में पोर्टल अपडेट हो चुका है। अतिशेष की गणना करते समय पूर्व से संस्था में पदस्थ शिक्षक को अतिशेष नहीं मानते हुए स्कूल में बाद में आए शिक्षक की गणना अतिशेष के रूप में की जाए।

**इनका कहना है**

फरवरी माह शुरू हो गया है। वार्षिक परीक्षाओं के लिए कुछ ही दिन बचे हैं, इस कार्रवाई शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी है। इस समय शिक्षकों को दिमाग से बच्चों को पढ़ाने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन अब शिक्षक अपने स्थानांतरण को लेकर परेशान हो रहे हैं।

**– राकेश दुबे,** प्रांताध्यक्ष शासकीय शिक्षक संगठन

# अस्पताल के कायाकल्प के लिए पहुंची दो सदस्यी टीम

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिला अस्पताल में कायाकल्प योजना के तहत डॉक्टरों की दो सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य अस्पताल की ओपीडी, वार्डों सहित पूरे अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कायाकल्प की टीम जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था से संतुष्ट नहीं दिखे। हालांकि सफाई व्यवस्था के आभाव कारण सफाई कर्मियों की कमी बताई जा रही है। साथ ही जो सफाई कर्मी हैं उनमें ट्रेनिंग की भी कमी है। नोडल अधिकारी डॉक्टर आदर्श विश्नोई ने बताया कि उनके साथ डॉ. अमिता मालाकार ने कायाकल्प के मानकों के आधार पर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि कायाकल्प प्रदेश सरकार की योजना है। इसमें सभी जिलों के जिला अस्पताल शामिल हैं। कायाकल्प की टीम अस्पतालों का निरीक्षण करती है और वहां की व्यवस्था को कायाकल्प के मानकों के आधार पर देखती है। उन्होंने बताया कि 343 बिंदुओं के आधार पर अस्पताल कि रैकिंग तैयार की जाती है। जिला अस्पताल की स्थिति के अनुसार अंक दिए जाते हैं।उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में इमरजेंसी विभाग, लैब, ओपीडी, दवा कक्ष वितरण कक्ष के साथ साफ-सफाई की व्यवस्था देखी गई। इस दौरान टीम ने हेड हाइजीन, बायो मेडिकल वेस्ट के संबंध में जानकारी ली। टीम ने वार्ड में मौजूद डॉक्टर व कर्मचारियों से चर्चा की। सफाई कर्मियों और वार्ड ब्वाय से साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में कमी मिली है। सफाई व्यवस्था को बेहतर किए जाने के लिए कहा गया है।



निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के स्तंभ यश भारत

के सफलतम 17वें वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं

अशोक विश्वकर्मा

उपाध्यक्ष- जिला पंचायत

जिलाध्यक्ष, पिछड़ा मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी कटनी (म.प्र.)






मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

एडवांस्ड



सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।

क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स

समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने

9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

प्लाट बिकाऊ हैं

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।

दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

SHRI HOSPITAL KATNI




विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)